

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 230 | ग्वालियर गुरुवार 27 अगस्त 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8


## भारत में विकराल हो गया कोरोना मामले 32 लाख पार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस का संक्रमण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। भारत में कोरोना वायरस के मामले 32 लाख पार हो चुके हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 67 हजार नए मामले सामने आए हैं और एक हजार से अधिक लोगों की मौतें हुई हैं। यहां चिंता वाली बात है कि बीते कुछ दिनों में मौतों का आंकड़ा हजार पार करने का यह पहला मामला है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के



67,151 नए मामले सामने आए हैं और 1,059 मौतें हुई हैं। इस तरह से देश में कोरोना के मामले 32,34,475 हो चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, कोरोना वायरस के कुल 32 लाख मामलों में 7,07,267 एक्टिव केस हैं और 24,67,759 मरीज ठीक हो चुके हैं। वहीं देश में कोरोना महामारी से अब तक 59,449 लोग जान गंवा चुके हैं। 60,975 लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई थी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 848 लोगों की मौत के साथ ही संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर 58,390 हो गई थी। कोविड-19 से मृत्यु दर घटकर 1.84 प्रतिशत पर पहुंच गई थी।

### शहर में निकले 155 कोरोना पॉजिटिव

**ग्वालियर।** जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या रोजाना बढ़ती जा रही है! बुधवार को आई जांच रिपोर्ट में 155 कोरोना के केस सामने आए हैं! जिले में अब कोरोनावायरस मरीजों की संख्या 40 के पार हो चुकी है! लेकिन राहत की बात है कि अब तक 34 सौ से अधिक मरीज ठीक हो कर घर जा चुके हैं और वर्तमान में 1127 एक्टिव के साइन का अस्पताल में इलाज चल रहा है!

## मुख्यमंत्री चौहान ने शहीद स्व. मनीष विश्वकर्मा के पार्थिव शरीर पर पुष्प-चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



**भोपाल ।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राजगढ़ जिले के वीर सैनिक श्री मनीष विश्वकर्मा (कारपेंटर) के पार्थिव शरीर पर थ्री ईएमई आर्मी सेंटर हॉस्पिटल परिसर, भोपाल में पुष्प-चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महार रेजिमेंट के जवान श्री मनीष गत शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के बारामूला के पास सैन्य संघर्ष में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के बाद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनका पार्थिव शरीर थ्री ईएमई आर्मी सेंटर, भोपाल में पहुंचने पर आज सेना की टुकड़ी ने मुख्यमंत्री श्री चौहान की उपस्थिति में दिवंगत शहीद को गार्ड आफ ऑनर प्रदान किया।

### सोनिया गांधी का मोदी सरकार पर निशाना-

## जीएसटी का मुआवजा नहीं देना राज्यों और लोगों के साथ छल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जीएसटी काउंसिल की बैठक से एक दिन पहले बुधवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से गुड्स एंड सर्विस टैक ?स (जीएसटी) से जुड़ा मुआवजा देने से इनकार करना राज्यों और जनता के साथ छल है। उन्?होंने यह भी कहा कि स्?टूडेंट्स की परीक्षाओं और अन्?य समस्?याओं के मुद्दे से केंद्र सरकार लापरवाही से निपट रही है। कांग्रेस अध्?यक्ष ने कांग्रेस शासित 4 राज्यों और महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल एवं झारखंड के मुख्यमंत्रियों के साथ डिजिटल बैठक में यह दावा भी किया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश के प्रगतिशील, धर्मनरिपेक्ष और वैज्ञानिक



मूल्यों के लिए झटका है। सोनिया गांधी ने कहा, ''जीएसटी को सहयोगात्मक संघवाद के उदाहरण के तौर पर लागू किया गया। इसमें राज्यों को पांच साल तक 14 फीसदी की दर से मुआवजा देने का वादा किया गया। गत 11 अगस्त को वित्त मामले की संसद की स्थायी समिति की बैठक में भारत सरकार के वित्त सचिव ने साफ तौर पर कहा कि केंद्र सरकार मौजूदा वित्त वर्ष में राज्यों को जीएसटी का मुआवजा देने की स्थिति में नहीं है।%% गांधी ने आरोप लगाया कि राज्यों को जीएसटी का मुआवजा देने से इनकार करना राज्यों और भारत के लोगों के साथ छल के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने यह दावा भी किया कि केंद्र सरकार एकतरफा उपकर लगाकर लाभ कमा कर रही है और राज्यों के साथ लाफ़ साझा नहीं किया जा रहा है।

इसके साथ ही नई शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा,

## प्रणब मुखर्जी अब भी गहरे कोमा में, हालत गंभीर

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की हालत में कोई सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। बुधवार को भी उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ है और वह अभी वेंटिलेटर पर ही हैं। सेना के रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल



ने यह जानकारी दी है। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि प्रणब मुखर्जी की हालत में कल से कोई बदलाव नहीं आया है। वह गहरे कोमा में हैं, अभी भी ववेंटिलेटर पर हैं। उनके स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण मानक स्थिर हैं। चौरासी वर्षीय मुखर्जी का उपचार कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि उन्हें श्वांस संबंधी संक्रमण है, जिसका इलाज चल रहा है। मुखर्जी को 10 अगस्त को दिल्ली छावनी स्थित इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके मुखर्जी के मस्तिष्क में खून के थक्के जमने के बाद उनका ऑपरेशन किया गया था। अस्पताल में भर्ती कराए जाने के समय वह कोविड-19 से भी संक्रमित पाए गए थे।

### राहुल गांधी का मोदी सरकार पर हमला, कहा-

## ध्यान भटकाने से नहीं, गरीबों को पैसे देने से पटरी पर आएगी अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** देश की अर्थव्यवस्था को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर एक फिर हमला बोला है। राहुल गांधी ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि ध्यान भटकाने से नहीं, बल्कि खर्च बढ़ाने और गरीबों के हाथों में पैसे देने से अर्थव्यवस्था पटरी पर आएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज सुबह ट्वीट किया, ''जिस बारे में मैं महीनों से आगाह कर रहा था उसकी पुष्टि आरबीआई ने की है। सरकार को अब ज्यादा खर्च करने की जरूरत है, कर्ज देने की जरूरत



नहीं है। गरीब को पैसा दीजिए, उद्योगपतियों के कर में कटौती नहीं। खपत से अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाइए।'' राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया के जरिए भटकाने से गरीबों की मदद नहीं होगी और न ही आर्थिक त्रासदी गायब होगी। बता दें कि आरबीआई ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि अर्थव्यवस्था में मांग को पटरी पर आने में लंबा समय लगेगा और इसका कोरोना वायरस के पहले के स्तर पर पहुंचना सरकारी खपत पर निर्भर करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को सतत वृद्धि की राह पर लौटने के लिए तेजी से और व्यापक सुधारों की जरूरत है। आरबीआई ने कहा, ''साल के दौरान अबतक सकल मांग के आकलन से पता चलता है कि खपत पर असर काफी गंभीर है और इसके पटरी पर और कोरोना के पूर्व स्तर पर आने में लंबा समय लगेगा।''

### सुशांत सिंह राजपूत की खुदकुशी के मामले में

## रिया चक्रवर्ती से एनसीबी कर सकती है जल्द पूछताछ

**मुंबई।** दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की खुदकुशी के मामले में सीबीआई की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। सीबीआई जांच का बुधवार को छठा दिन रहा। इस केस में अब कुछ अहम खुलासे सामने आए हैं। सुशांत की गर्ल फ्रेंड रिया चक्रवर्ती की कुछ पुरानी वॉट्सऐप चैट सामने आई है,



जिसमें उनके तार ड्रग्स डीलिंग से जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। रिया के इन चैट की जांच अब सीबीआई के साथ ही नारकोटिक्स कंट्रोल विभाग भी करेगा। ख़बरों की माने तो अगले एक-दो दिन में एनसीबी की टीम रिया से पूछताछ कर सकती है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिया के वॉट्सऐप से डिलीट की गई चैट सीबीआई के साथ-साथ नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को भी सौंपी है। इस चैट रिकॉर्ड को रिया के मोबाइल फोन से रिकवर किया गया है। ईडी ने इसे 10 अगस्त को जब्त किया था। इसमें रिया की तरफ से ड्रग्स की बात किए जाने का जिक्र है। हालांकि, रिया के वकील सतीश मानशिंदे ने ड्रग्स की थ्योरी को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि इस मामले में रिया किसी भी जांच से गुजरने को तैयार हैं।

## पश्चिम बंगाल में भूकंप के झटके से कांपी धरती

**नई दिल्ली ।** पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर जिले में बुधवार सुबह भूकंप के झटकों से कंपन महसूस किया गया है। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, सुबह 7 बजकर 54 मिनट पर भूकंप का झटका महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.1 रही। हालांकि, जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले 23 अगस्त को महाराष्ट्र के पालघर में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। पालघर में हल्की तीव्रता वाले इस भूकंप से किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं थी। एक अधिकारी के मुताबिक पालघर जिले में 2.8 तीव्रता का भूकंप सुबह 11.39 बजे आया।

## शिवसेना के लोकसभा सांसद संजय जाधव ने इस्तीफा दिया

**मुंबई।** परभणी लोकसभा सीट से शिवसेना के सांसद संजय जाधव ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। संजय उर्फ बंडू जाधव ने उद्धव ठाकरे को खत लिखकर इस्तीफा स्वीकारने की विनती की है, जाधव शिवसेना कार्यकर्ताओं को न्याय न मिलने से नाराज हैं। जाधव ने पत्र में लिखा है कि %%जिले के भाजपा, कांग्रेस और



एनसीपी के कई जनप्रतिनिधि शिवसेना में प्रवेश करना चाहते हैं, लेकिन जब मैं अपने मौजूदा पार्टी कार्यकर्ताओं को न्याय नहीं दिला पा रहा हूं तो दूसरे दलों से आने वाले कार्यकर्ताओं को कैसे न्याय दिला सकूंगा? जाधव ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को लिखे पत्र में कहा है कि जिंतुर कृषि उत्पन्न बाजार समिति में गैर सरकारी प्रशासक मंडल की नियुक्ति करने के लिए पिछले 8 से 10 महीने से आपके पास फॉलोअप कर रहा हूं। जिंतुर से एनसीपी कांग्रेस का एक भी विधायक न होने के बावजूद वहां की कर्षि उत्त्पन्न बाजार समिति पर एनसीपी का गैर सरकारी प्रशासक मंडल चुना जाना, यह बात मेरे मन को काफी तकलीफ दे रही है। इस वजह से शिवसैनिकों में काफी नाराजगी है।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,मोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


## कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी के दावों की खोली पोल

### ग्वालियर में बीजेपी का तीन दिन का मेगा शो नहीं बल्कि चूहों का शो था : डॉ. गोविंद सिंह

### आरएसएस मुख्यालय गए, इधर रानी लक्ष्मीबाई की समाधि पर चले जाते, थोड़ा अपराध कम हो जाता : सज्जन सिंह वर्मा

### सिंधिया जी आपकी वजह से कांग्रेस सरकार बनी तो एक अदने से कार्यकर्ता से कैसे हार गए : लाखन सिंह यादव

### पीठ दिखाकर जो भागता है उसे गद्दार कहते है : एन पी प्रजापति

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के बाद अब कांग्रेस ने भी बुधवार को ग्वालियर-चंबल संभाग में धमाकेदार एंट्री की वहीं दोपहर बाद कांग्रेस दिग्गज नेता प्रेस कांफ्रेंस कर बीजेपी पर ताबडतोड़ हमले किये. वहीं बीजेपी ने यह दावा किया कि 3 दिन में 76000 से अधिक कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़ सिंधिया के साथ बीजेपी में शामिल हुए हैं. बीजेपी के इन दावों का जवाब देने के लिए कांग्रेस भी मैदान में उतरी और बीजेपी के सदस्यता अभियान पर लगातार हमलो किये. बुधवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस के आधा दर्जन से अधिक दिग्गज नेता ग्वालियर पहुंचे. मेला ग्राउंड के फैसिलिटेशन सेंटर में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया और लोगों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। और वहीं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पीछे के रास्ते सत्ता में आई बीजेपी की शिवराज सरकार के खिलाफ बुधवार को ग्वालियर में मोर्चा खोला ग्वालियर में प्रेसवार्ता कर पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह, सज्जन सिंह वर्मा, लाखन सिंह, जयवर्धन सिंह और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास रावत ने भाजपा की शिवराज सरकार और राज्य सभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया पर जमकर निशाना साधा। पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह ने कहा ग्वालियर में बीजेपी का तीन दिन का मेगा शो नहीं बल्कि चूहों का शो था। पूर्व मंत्री ने कहा कि बीजेपी द्वारा ट्रांसफर उद्योग की



जो बात कही जाती थी वह पूर्णतः गलत है। अगर तबादलों में भ्रष्टाचार के आरोप सही है तो वह प्रमाण दें। डॉ. गोविंद सिंह ने राज्य सभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधते हुए कि मैं ज्योतिरादित्य से कहना चाहता हूं, कि क्याआपके लोग हरिश्चंद्र के घर से पैदा होकर आए हैं ? तुलसी सिलावट पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, सदस्यता अभियान पर कुछ भी बोल दो, एक कहावत है कि झूठे मर गए औलादें छोड़ गए। उन्होंने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया बताएं आपको कांग्रेस के किस नेता ने उपमुख्यमंत्री के पद देने की बात कही थी। पूर्व मंत्री ने कहा कि अगर आप टाइगर हो तो आपको सुरक्षा की क्या जरूरत है। अब ये नकली टाइगर मध्य प्रदेश में नहीं चलेंगे। वही पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह ने बीजेपी के तीन दिवसीय सदस्यता अभियान पर चुटकी लेते हुए कहा कि बीजेपी को सदस्यों की संख्या झूठी ही बतानी थी तो 75 हजार क्यों बताई 75 लाख बताते। प्रेसवार्ता में पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव ने कहा कि 2018 का चुनाव कमलनाथ जी के चेहरे पर लड़ा गया था। कांग्रेस को लोगों ने मेंडेट दिया है, चुनाव में एससी/एसटी फैक्टर था। उन्होंने कहा कि मैं ज्योतिरादित्य से पूछना चाहता हूं, अगर आपसे सरकार बनी तो फिर आप अदने से कार्यकर्ता से कैसे हार गए। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया आरएसएस मुख्यालय गए, इधर रानी लक्ष्मीबाई की समाधि पर चले जाते, तो थोड़ा अपराध कम हो जाता। वर्मा ने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया अभी तो आरएसएस के दर पर माथा टेकने गए हो, कल नड्डा, अमित शाह के घर जाओगे और गलती से मोदी ने समय दे दिया जाने कितने दर पर माथा टेकने जाओगे। उन्होने कहा कि 6 महीने बाद ग्वालियर में सिंधिया का अवतरण हुआ, उन्होनें कहा कि वह खून का रिश्ता और पीड़ियों का रिश्ता भूल गए जब लोग कोरोना से मर रहे थे तब आप क्यों नहीं आये। लेकिन पहले आप ग्वालियर श्रीमंत के रूप में आते थे अब सिर्फ ज्योतिरादित्य सिंधिया रह गए। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने नेहरू गांधी परिवार और सिंधिया परिवार की तुलना करते हुए कहा कि सिंधिया के कुर्ते में जेब नहीं होती। उन्होंने कहा कि आरएसएस मुख्यालय गए, इधर रानी लक्ष्मीबाई की समाधि पर चले जाते, थोड़ा अपराध कम हो जाता। वर्मा ने कहा कि आप कहते हो विकास न होने की वजह से कांग्रेस छोड़ी लेकिन कमलनाथ जी के भूतल परिवहन मंत्री रहते 4 हजार करोड़ रूपए की देवास से ग्वालियर तक की सड़क के लिए पैसा कौन लाया और भूमिपूजन शिला पर मेरा और ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम लिखा है। कमलनाथ जी जब शहरी विकास मंत्री बने तब ज्योतिरादित्य सिंधिया के संसदीय क्षेत्र की जितनी भी नगर पालिका नगर परिषदों और नगर निगम का विकास करवाया। उन्होंने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया विकास तो तुम्हारा हुआ है, मंदिर की जमीन तक नहीं छोड़ी, कुत्ते की समाधि पर भी कब्जा कर लिया। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान के लिए पंडाल लगे लेकिन गणेश जी के लिए पंडाल नहीं लगने दिए। वही पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया से सवाल करते हुए जमकर निशाना साधा। जयवर्धन सिंह ने कहा कि आखिर कमलनाथ जी की क्या गलती थी जो आपने उनको दगा दिया और अपनी पार्टी से गद्दारी कर नई पार्टी में चले गए। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति ने ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधते हुए कहा कि हमें जनता ने 15 साल बाद चुनकर सदन में पहुंचाया। जनता ने बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, भूखमरी अपराध से परेशान होकर आप पर विश्वास जताया। लेकिन आप पीठ दिखाकर भाग गए, जो पीठ दिखाकर भागता है रण छोड़कर भागता है, उसे गद्दार कहते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के इतिहास में सबसे बड़ा भ्रष्टाचार हुआ, तो उसका सरगना ग्वालियर का था, इस सरगना के नेतृत्व में यह विधायक बिक गए अगर नहीं बिके तो इन्हें मंत्री क्यों बनाया गया, इन विधायकों ने पैसा लिया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति ने कहा कि हमने 26 लाख किसानों की कर्जमाफी की, मैं के.के.मिश्रा को पेनड्राइव देकर जा रहा हूं। इसमें लिस्ट ओर फोन नम्बर हैं, पत्रकारों को बांट देना। उन्होंने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया जी आप ने तो खुद कर्जमाफी के प्रमाण पत्र बांटे हैं अब सवाल उठाते हो, हमारी सरकार ने दो किस्तों में कर्जमाफी की और आपकी वजह से सरकार न गिरती तो तीसरी किस्त भी हम किसानों को बांटने वाले थे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कोरोना टेस्ट होने गुजरात जा रही है यहाँ क्यों नहीं हो रहा है टेस्ट। प्रजापति ने कहा कि अगर उनका आरएसएस परिवार है तो हमारा गांधी परिवार है। इसमे पेट क्यों दुखता है।

# दौहरे हत्या कांड 10 हजार का इनामी बंटी पंडित को करैरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

## करैरा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर के जंगल खाती बाबा के पास से किया गिरफ्तार



**करैरा।** जिले के अनुविभाग करैरा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है । दो माह पूर्व करैरा गणेश मंदिर के पास जुए के पैसों के लेन देन के विवाद में आरोपी बंटी शर्मा पुत्र बाबूलाल शर्मा निवासी सुनारी थाना करैरा द्वारा दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी तभी से यह आरोपी फरार चल रहा था बुधवार को शिवपुरी पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि करैरा के दौहरे हत्याकांड का आरोपी बंटी अपने कुछ साथियों के साथ बहादुरपुर के जंगल मे छिपा है तुरंत मामला संज्ञान में लेते हुए शिवपुरी एस पी के निर्देश पर एडिशनल एस पी गजेंद्र सिंह कंवर के मार्गदर्शन में एक टीम का गठन किया गया जिसमें एस डी ओ पी करैरा जी डी शर्मा के नेतृत्व में करैरा थाना प्रभारी मनीष शर्मा पूर्व सुनारी चौकी एवं वर्तमान में थाना प्रभारी इंदार गब्बर सिंह गुर्जर द्वारा मुखबिर के बताए स्थान बहादुर पुर के जंगल पर मय फोर्स के दविश दी तो आरोपी बंटी शर्मा को खाती बाबा की पहाड़ी पर देखा और पहाड़ी की घेरा बंदी कर दी पुलिस को देख आरोपी ने भागने का प्रयास किया तो थाना प्रभारी इंदार गब्बर सिंह गुर्जर द्वारा अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए और साथ में अपनी जान जोखिम में डालते हुए उसे धर दबोचा। उसके साथ ही दूसरा आरोपी धर्मेंद्र चौबे ग्राम धमधोली को पकड़ कर करैरा थाना लाया गया । आरोपी बंटी पंडित पर पहले से दर्जन केस दर्ज है और एक मर्डर का भी केस दर्ज है और करेरा एसडीओपी द्वारा बताया गया है कि पहले से ही अपराध प्रवृत्ति का बंटी पंडित। और बंटी पंडित पर पहले से ही आजीवन कारावास की सजा वाले केस में भी फरार था तभी से इसलिए आज करेरा पुलिस को बहुत बडी सफलता मिली। इस कार्यवाही में विशेष भूमिका उप निरीक्षक अजय मिश्रा ,आदित्य प्रताप ए एस आई, नरेंद्र यादव, सुल्तान सिंह, आरक्षक पहलाद यादव , देवेश , सोनू, थाना इंदार के आरक्षक राहुल भदौरिया , रणवीर यादव, महेश सिंह, सुनील सिंह अनिल यादव थाना चौकी सुनारी के दीपक जाटव की बिशेष भूमिका रही।



## क्लीन ग्रीन टीम ने वृक्षारोपण कर मनाया शपथ ग्रहण समारोह --

मंगलवार को राजीव गांधी स्कूल में टीम का शपथग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें श्री ब्रजेश कुमार जी को टीम नियंत्रक तथा श्री शशिकांत शर्मा जी को टीम का संयोजक बनाया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री महेश कुमार विकल जी रहे। कार्यक्रम का संचालन टीम प्रवक्ता श्री पवन शर्मा जी द्वारा किया गया। टीम नियंत्रक श्री ब्रजेश कुमार जी द्वारा टीम के सभी सदस्यों को टीम के प्रति कार्यों को पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने की शपथ दिलाई। इसके बाद टीम के सभी सदस्यों ने अम्बाह नगर में स्थित सूखटी के मंदिर पर जाकर वृक्षारोपण किया तथा उन वृक्षो का संरक्षण मंदिर के महंत जी के सानिध्य में दिया। ।इस अवसर पर टीम सह संयोजक श्री ब्रजकिशोर कुशवाह जी , सचिव देवउत्तम उपाध्याय जी , सह सचिव आदित्य सारवान जी , कोषाध्यक्ष पवन शर्मा जी , सह कोषाध्यक्ष हिमांशू राजौरिया जी , अम्बाह प्रभारी आदित्य सिंह तोमर जी ,शेखर माथुर जी, रोहित तोमर जी , रवि शुक्ला जी , अजय शर्मा जी , दीपक तोमर जी , अंकित प्रजापति , श्यामवीर, रिकूं , आशीष वर्मा जी आदि साथी उपस्थित रहे।

# शिवसेना ने उठाई डोगरा आरक्षण की मांग डोगरा को टू बी ग्रांटेड लेने की भूल न करें -- साह्नी



जम्मू,- शिवसेना बाला साहेब ठाकरे जम्मू- कश्मीर इकाई ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्र सरकार से डोगरा को सरकारी और निजी क्षेत्रों में नौकरियों में 80त्न आरक्षण देने की मांग को लेकर आज धरना प्रदर्शन किया ।

पार्टी जम्मू-कश्मीर के अध्यक्ष मनीश साहनी ने कहा कि सरकारी एवं निजी क्षेत्र की नोकरियों में डोगरो के लिए आरक्षण यहां के युवाओं का मौलिक अधिकारों बताया। साहनी ने कहा कि डोगरा से उनका अभिप्राय जम्मू-कश्मीर में स्थाई निवासियों से है । उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर एक डोगरा रियासत थी , यहां रहने वाला हर समुदाय एवं धर्म के लोग डोगरा है । साहनी ने कहा कि पिछ्ले 73 सालों से कश्मीरी हुक्मरानों द्वारा डोगरा पहचान को मिटाने की साज़िश रची जाती रही है । धारा 370 के हटने के साथ ही डोगरा को अपनी पहचान वापिस पाने को लेकर उम्मीद की किरण दिखाई दी थी मगर केन्द्र सरकार के नजरंअंदाज रवैए से उन्हें काफी निराश हुई है । साहनी ने कहा कि भाजपा नेताओं का डोगरा को टू बी ग्रांटेड लेने काफी महंगा साबित होने वाला है । वहीं साहनी ने तथाकथित छ्ह दलों द्वारा की गई गुप्कार घोषणा की भी आलोचना की, जो जम्मू डोगरा के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के अधिकांश लोग खुश हैं कि उन्हें इन राजनीतिक षड्यंत्रकारियों से आजादी मिली है । जिन्होंने अपने परिवारों और रिश्तेदारों के लिए दशकों तक शासन किया। साहनी ने कहा कि वह धारा 370 को नहीं रो रहे हैं बल्कि इसकी आड़ में अपने खोए हुए स्वर्ग के लिए तरह रहे हैं। इस मौके पर अध्यक्ष महिला विंग मिनाक्षी छिब्बर ,कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी गुप्ता, महासचिव विकास बख्शी, सचिव राज सिंह, सहसचिव राजू सलारिया, संजीव सूदन उपस्थित हुए

# करैरा के नवागत एसडीएम नाडिया ने ग्रहण किया पदभार

## तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बारी बारी से किया परिचय।



करैरा ब्यूरो - करैरा एस डी एम के आर चौकीकर का स्थानांतरण संयुक्त कलेक्टर शिवपुरी हो गया उनके स्थान पर आज बुधवार को नवागत एसडीएम राजन नाडिया ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने संपूर्ण तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर पूरे अनुविभाग के अधिकारियों से परिचय कर मीटिंग लेकर दिशा निर्देश दिए। मीटिंग में करैरा जनपद पंचायत सी ई ओ मनीषा चतुर्वेदी, नरवर सीईओ पिप्पल , तहसीलदार जीएस बैरवा , नरवर तहसीलदार , नगर पंचायत सीएमओ दिनेश श्रीवास्तव, नरवर नगर परिषद सीएमओ, नायब तहसीलदार रूचि अग्रवाल, नायब तहसीलदार राजेन्द्र सिंह , तहसीलदार किरण सिंह, आर आई विनोद सोनी , हल्का पटवारी राकेश गुप्ता आदि सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रजापती परिवार की गौ सेवा



**प्रेस-नारायणलाल सैणचा**

कर्नाटक-जिला हासन राजस्थान विष्णु समाज के अध्यक्ष श्री रूघारामजी प्रजापत परिवार ने मिल जुल करते है गौ सेवा लिए हर बर्ष की तरह एक हैकर जमीन मक्की की खेती कर के पुरा परिवार मिलकर कटाई करके अरसिकेरे कस्तूरबा गांधी गौ शाला मे करते सेवा प्रकाश जी जाट ने कहा की सरल सभाव के श्री रूघारामजी प्रजापत समाज की प्रेरणा है समाज मे अच्छे काम के लिए तन मन धन का पुरा सहयोग करते है बडा पुत्र सुरेश जी प्रजापत पंतानजली योगा युवा प्रभारी है छोटा पुत्र पवन प्रजापत वेवसाई(व्यापार)के साथ समाज मे पिता का सहयोग करते है

## एसबीएसटीसी के बढ़ते कदमः-



**ब्यूरो चीफ अमन राय**

ब्रिटिश स्टैंडर्ड इंस्टिट्यूशन ने साउथ बेंगल स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन को ढ्ढस्ह्र-9001 सर्टिफिकेट से सम्मानित किया. इसकी जानकारी एसबीएसटीसी के चेयरमैन दीप्तांशु चौधरी ने दुर्गापुर के एक निजी होटल मैं संवाददाता सम्मेलन कर दिया. उन्होंने बताया कि ब्रिटिश स्टैंडर्ड इंस्टिट्यूशन द्वारा विभिन्न मापदंड को देखते हुए इस सर्टिफिकेट को दिया जाता है उन्होंने बताया कि ब्रिटिश स्टैंडर्ड इंस्टिट्यूशन की टीम ने डिपो का निरीक्षण किया, उन्होंने बसों में सुविधाएं देखी, पैसेंजर से बात किया, बस के टाइमिंग्स मेंटेन हो रही है कि नहीं, बस में साफ-सफाई है कि नहीं, इन सभी चीजों का निरीक्षण करने के बाद इस सर्टिफिकेट को दिया गया है. यह साउथ बेंगल स्टेट ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के लिए एक बड़ी उपलब्धि है. उन्होंने यह भी बताया कि साउथ बंगाल स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन द्वारा एडवांस बुकिंग की सेवा भी चालू की गई है ताकि यात्री अपना टिकट घर बैठे ही बुक कर सकें. कोरोनावायरस के समय में भी बसों में लगातार स्क्रीनिंग एवं सैनिटाइजेशन किया जा रहा है. कार्यक्रम में उपस्थित थे एसबीएसटीसी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर गोडला किरण कुमार, एसबीएसटीसी के चेयरमैन दीप्तांशु चौधरी इसके अलावा एसबीएसटीसी के अधिकारीगण उपस्थित थे

## जम्मू के वार्ड नंबर 48 के कालका कॉलोनी में आज सुबह हुई लगातार बारिश के कारण कई मकान हुए क्षतिग्रस्त



जम्मू के वार्ड नंबर 48 के कालका कॉलोनी में आज सुबह हुई लगातार बारिश के कारण नाले का पानी उफान में था और यह पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया पानी का बहाव इतना तेज था कि लोगों के घर क्षतिग्रस्त हो गए इसी मौके पर स्थिति का जायजा लेने पहुंचे कांग्रेस के पूर्व मंत्री रमण भल्ला ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय रहते नदियों और नालियों की सफाई की गई होती तो आज बाढ़ जैसी स्थिति पैदा ना होती और लोगों को इतना नुकसान नहीं होता उन्होंने सरकार की स्वच्छता अभियान के ऊपर भी सवाल खड़े किए और इसके साथ उन्होंने प्रशासन से अपील भी की कि वह लोगों के हुए नुकसान का मुआवजा जल्द से जल्द दें

## लोडिंग गाड़ी ने बाइक मारी टक्कर

ग्राम पंचायत मालनपुर के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र में मार्बल कंपनी चौराहे पर, एक लोडिंग गाड़ी ने एक बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें दो लोग लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जैसे ही गोहद की स्टार नेतृत्व एवं संभावित प्रत्याशी गोहद विधानसभा 13, श्रीमती सुषमा सिंह को पता चला तो वह मौके पर पहुंची ओर घायल को इलाज के लिए एंबुलेंस की सहायता से पहुंचाया इस साहसी भरे कार्य में श्री चंद्रभान शर्मा ने भी अहम भूमिका निभाई, सराहनीय तुल्य कार्य,गोहद विधानसभा की टिकाऊ जनमानस ने ठाना है सुषमा बहन जी जी को विधायक बनाना है!

## अम्बाह सरकारी बिभागो के आबाशो पर बिधुत की बकाया राशि होने से कनैक्शन काटे...



**राधा तोमर अम्बाह...**

अम्बाह...उप महा प्रबधक कमल किशोर आर्य के निर्देशन में व प्रबंधक प्रदीप धुर्वे व सहा.प्रबन्धक नीरज लूनिया व वीरेन्द्र यादव जी के मार्ग दर्शन में सरकारी आबाशो पर बिधुत की बकाया राशि जमा न होने पर नोटिस चप्पा कर बिधुत कनेक्सन काटने की कारबारी की जारही है तथा धारा 135 के तहत पंचनामा बना कर चप्पा कर सरकारी आबाशो के बिधुत कनेक्शन् काटे गये है जिसमे सिचाई बिभाग जैल बिभाग बन बिभागो पर कारबाही की गई है अगर कारोबारी से बचना चाहै तो जल्द एमाउन्ट जमा कर असुबिधा से बचे

# पर्यावरण संरक्षण और हमारा दायित्व के अनुसार वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प लिया जाए



**पाली. नरेश कुमार सीरवी.** पर्यावरण संरक्षण और हमारा दायित्व के अनुसार वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प लिया जाए. पाली उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोडावास राजकीय माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक हीरालाल सीरवी द्वारा बताया गया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमारा मुख्य दायित्व के आधार पर हमें वृक्षों की रक्षा की जाए.सीरवी द्वारा बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण कोष नुकसान पहुंचाने वाले मुख्य प्रकार वायु प्रदूषण जल प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण रेडियोधर्मी प्रदूषण प्रकाश प्रदूषण भूमि प्रदूषण इस प्रकार अगर हमें वास्तव में अपने पर्यावरण संरक्षण के बारे में सोचना है तो इन मुख्य कारणों पर विशेष ध्यान देना होगा तभी हम अपने पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं. यदि पृथ्वी है हम सबको प्यारी तो पृथ्वी को बचाने के लिए हमारा सभी आमजन का प्रयास होना चाहिए. राजकीय माध्यमिक विद्यालय के संपूर्ण शिक्षा विभाग के कर्मियों द्वारा सोडावास विद्यालय परिसर में 201 वृक्ष लगाए गए जिनका महत्वपूर्ण सहयोग द्वारा संपूर्ण शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा वृक्षों की रक्षा करने का संकल्प लिया. श्री आईजी विद्यापीठ संस्थान जवाली पाली राजस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए श्री आई ज्योति पत्रिका द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पत्रिका प्रकाशित की गई. इस प्रकार इस वर्ष पाली जिले में 15 जुलाई से 15 अगस्त तक संपूर्ण उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत द्वारा सार्वजनिक एवं निजी स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें 15 जुलाई को वृक्षारोपण वार्षिक उत्सव मनाया गया ग्राम पंचायत सोडावास सरपंच राधा देवी सिरवी के नेतृत्व में इस बार मनरेगा श्रमिकों एवं ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया सरपंच राधा देवी सिरवी द्वारा आमजन से अपील करके बताया कि वृक्षारोपण करके हर एक वृक्ष को गोद लेने का संकल्प लें और वृक्षों की रक्षा की जाए इस प्रकार रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत. चाचोडी. ग्राम पंचायत सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया जिसमें ग्राम पंचायत मुख्यालय राजकीय माध्यमिक विद्यालय एवं नरसी में वृक्षारोपण किया गया.ग्राम पंचायत खेरवा एवं ग्राम पंचायत वडेर वास के सरपंच प्रतिनिधि भरत सिंह राणावत एवं अमराराम सिरवी के नेतृत्व में इस बार उनके प्रथम चरण के कार्यकाल में विकास की योजनाओं के साथ वृक्षारोपण का कार्य तेज गति से किया जा रहा . राणावत द्वारा गांव के मुख्य तालाब एवं सार्वजनिक स्थान राजकीय माध्यमिक विद्यालय सहित अनेक जगह पर वृक्षारोपण किया गया. वडेर वास ग्राम पंचायत के संपूर्ण सहायक गांवों में वृक्षारोपण के साथ प्रभु प्रेमी गौशाला में सरपंच प्रतिनिधि अमराराम सिरवी द्वारा प्रतिदिन वृक्षारोपण किया जा रहा .सिरवी के कार्यकाल के प्रथम चरण में सिरवी द्वारा बताया कि मेरे जीवन का मुख्य लक्ष्य के आधार पर वृक्षारोपण करना मेरा जीवन का मुख्य उद्देश्य के साथ वृक्षारोपण करने का संकल्प एवं वृक्षों की रक्षा करना मेरी पहली प्राथमिकता के आधार पर जगह-जगह पर वृक्षारोपण किया जा रहा. किस प्रकार जिले में वृक्षारोपण इस बार हर वर्ष की तरह इस वर्ष सबसे ज्यादा वृक्षारोपण किया गया जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जगह-जगह पर राजकीय विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया जा रहा . हीरालाल गहलोत श्री ज्योति पत्रिका के संपादक द्वारा वृक्षारोपण के बारे में महत्वपूर्ण संदेश के अनुसार बताया कि संपूर्ण हर एक नागरिक एक वृक्ष लगाने का संकल्प लें और उसके रक्षा करने का संकल्प के साथ हर आमजन को जागरूक करें और वृक्षारोपण करें तभी हमारा देश पर्यावरण से मुक्त होगा और पर्यावरण को बचाना हमारा सबका एक ही दायित्व के अनुसार हमें वृक्षों की रक्षा की जाए.सोजत उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिलावास के सरपंच डिंपल सिरवी के नेतृत्व में 1100 वृक्ष लगाने का लिया संकल्प जिसका कार्य इस समय तेज गति से चल रहा . इस बार वृक्षारोपण का कार्य जिले के संपूर्ण जनप्रतिनिधियों द्वारा एक से एक बढ़कर वृक्षारोपण किया जा रहा .किसान मोर्चा भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैन सिंह राजपुरोहित रावलवास ग्राम पंचायत लांबिया ने इस दौरान गांव के मुख्य गवाई नाडी पर वृक्षारोपण किया गयाजिला प्रशासन के दिए गए निर्देशानुसार वार्षिक उत्सव से अब तक जिले के सभी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के स्तर पर जगह-जगह मानसून की वापसी के दौरान रक्षा रोपण किया जा रहा है

# नए अधिनियम के पश्चात पहली निजी मंडी मध्यप्रदेश में स्थापित की जाए

## मुख्यमंत्री चौहान ने मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम संशोधन विधेयक-2020 पर चर्चा की



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा नया मंडी अधिनियम बनाए जाने के बाद देश में सबसे पहले निजी मंडी मध्यप्रदेश में स्थापित हो, इसके लिए प्रदेश में तैयार किए गए मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम (संशोधन) विधयेक-2020 के पारित होने के पश्चात उस पर तत्परता से अमल किया जाएगा। यह अधिनियम प्रदेश के किसानों एवं व्यापारियों दोनों के लिए लाभदायक होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठकमध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम (संशोधन) विधेयक-2020 के प्रावधानों पर चर्चा कर रहे थे। बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल, किसान कल्याण तथा कृषि विकास राज्य मंत्री श्री गिर्राज दण्डौतिया, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव श्री के.के. सिंह, प्रमुख सचिव श्री अजीत केसरी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नए अधिनियम के अनुसार कोई भी व्यक्ति, जो किसी बैंक या अन्य वित्तीय संस्था का डिफाल्टर न हो तथा जिसके पास आवश्यक बुनियादी संरचना हो, प्राइवेट मार्केट यार्ड, प्राइवेट मार्केट उप यार्ड तथा डायरेक्ट क्रय केन्द्र स्थापित कर सकेगा। इसके लिए उसे शासन से लाइसेंस लेना होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि इस अधिनियम की एक विशेषता यह है कि व्यापारी को किसान की फसल खरीदने के बाद उसी दिन फसल का भुगतान करना होगा। कृषक को भुगतान के बाद ही व्यापारी कृषि उपज का परिवहन कर सकेगा। प्रमुख सचिव श्री अजीत केसरी ने बताया कि संशोधित मंडी अधिनियम में पुराने अधिनियम की 2 परिभाषाओं को विलोपित किया गया है तथा 21 नई परिभाषाएं सम्मिलित की गई हैं। पुराने अधिनियम में 24 परिभाषाएं थीं। अब %मंडी क्षेत्र% के स्थान पर %मंडी प्रांगण% परिभाषित होंगे (निर्वाचन कार्य के प्रयोजन को छोड़कर)। मंडी समितियों के अधिकार मंडी प्रांगणों तक ही सीमित होंगे। आयातित उपज पर मंडी प्रभार नहीं लगेगा।

# अधिकतम छात्र-छात्राओं को पर्यटन प्रशिक्षण देकर रोजगार सुनिश्चित करें

### पर्यटन मंत्री ठाकुर ने किया आईएचटीटीएस का निरीक्षण



**भोपाल।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने आज मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी ट्रेवल एण्ड टूरिज्म स्टडीज (स्क्क्ष्ह्व।ञ्जञ्जस्) का निरीक्षण किया। प्रशिक्षणार्थियों को हासिल हो रही रोजगार की शानदार उपलब्धियों को देखते हुए सुश्री ठाकुर ने अधिकारियों को हायर सेकेण्डरी स्कूलों के पास प्रशिक्षण संबंधी जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिये। म.प्र. टूरिज्म बोर्ड के संचालक डॉ. मनोज सिंह और संचालक म.प्र. इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी, ट्रेवल एण्ड टूरिज्म स्टडीज के संचालक डॉ. पी.के. सिन्हा ने संस्थान की गतिविधियों के बारे में पर्यटन मंत्री को विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कोरोना-काल के पहले इस प्रशिक्षण केन्द्र से पर्यटन के क्षेत्र में प्रशिक्षणार्थियों को शत-प्रतिशत रोजगार मिला है। मंत्री सुश्री ठाकुर ने संस्थान की फूड प्रोडक्शन इकाई, बेकरी, रेस्टॉरेंट, डिमांस्ट्रेशन होटल रूम आदि का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने संस्थान द्वारा संचालित स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम बीबीए टूरिज्म, बीबीए हॉस्पिटेलिटी, बीबीए होटल मैनेजमेंट, हुनर से रोजगार तक योजना और कौशल परीक्षण एवं प्रमाणीकरण कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी ली। सुश्री ठाकुर ने स्नातक पाठ्यक्रम में शासन द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ समय से दिया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# मुख्यमंत्री चौहान ने मनुआभान टेकरी पर किया जलशोधन संयंत्र का लोकार्पण



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल की मनुआभान टेकरी पर अमृत परियोजना में निर्मित जलशोधन संयंत्र का लोकार्पण किया। नगर निगम भोपाल ने 50 एमएलडी क्षमता के इस संयंत्र का निर्माण कर बड़ी झील से नगर के विभिन्न इलाकों में उच्च स्तरीय टंकियों के माध्यम से जलप्रदाय करने के लिए करवाया है। इस संयंत्र से करीब साढ़े तीन लाख आबादी को शुद्ध और सुचारू पेयजल मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक घर पर स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। भोपाल के लांबाखेड़ा, संत हिरदाराम नगर, भानपुरा सहित गोविंदपुरा, नरेला, हुजूर और बैरसिया क्षेत्र के अन्य कई इलाकों को नये संयंत्र का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राजधानी भोपाल को मिली इस सौगात के लिए नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने अधिकारियों को संयंत्र के सुचारू संचालन के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जलशोधन संयंत्र के साथ ही इंटेकवेल एवं अलग-अलग स्थानों पर बनी 23 उच्चस्तरीय टंकियों का संयुक्त लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यक्रम में नागरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, प्रोटेम स्पीकर मध्यप्रदेश विधानसभा श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, पूर्व महापौर श्री आलोक शर्मा, श्री सुरजीत सिंह चौहान, कमिश्नर भोपाल श्री कविन्द्र कियावत, पुलिस महानिरीक्षक श्री उपेन्द्र जैन, कलेक्टर भोपाल श्री अविनाश लवानिया और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मनुआभान जलशोधन संयंत्र ~एक नजर में मनुआभान जलशोधन संयंत्र की लागत 13.90 करोड़ है। करबला इंटेकवेल और पंप हाउस की लागत 5.30 करोड़, रॉ वाटर राइजिंग मैन बिछाने की लागत 12.10 करोड़, 5 उच्चस्तरीय टंकियों की निर्माण लागत 7 करोड़, जल वितरण नालिकाओं और फीडरमैन बिछाने की लागत 28.50 करोड़ है। पंप हाउस जलशोधन संयंत्र तक 8 एमएल व्यास के 5630 मीटर पाईप का उपयोग किया गया है। विभिन्न टंकियों को भरने के लिए 300 से 800 मीटर व्यास की फीडर लाइन बिछाई गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर परिसर में कचनार का पौधा रोपा। अन्य अतिथियों ने भी पौधे लगाए। कमिश्नर भोपाल ने बताया कि इस पहाड़ी पर विविध प्रजातियों के पौधे रोपे जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान को नगर निगम अधिकारियों ने टेकरी परिसर में निर्मित होने वाले भारत माता मंदिर प्रोजेक्ट की भी जानकारी दी। यहां भारत माता की मूर्ति की स्थापना के साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों की तस्वीरों और प्रतिमाओं को प्रदर्शित करने की भी योजना है।

**भोपाल की साढ़े तीन लाख आबादी को स्वच्छ पेयजल मिलेगा**

# ईसा पूर्व पहली शताब्दी में उज्जैन से होता था अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

### संस्कृति मंत्री ठाकुर द्वारा अंडर वाटर ऑर्कियोलॉजी इन इण्डिया व्याख्यान का शुभारंभ



**भोपाल।** ईसा पूर्व पहली शताब्दी में गुजरात स्थित भरूच बंदरगाह से उज्जैन के व्यापारी अंतर्राष्टीय व्यापार करते थे। इस क्षेत्र का सामान महिष्मति (आज का महेश्वर) के रास्ते भरूच (तत्कालीन नाम बेरीगाजा) के बंदरगाह पर ले जाकर विदेश भेजा जाता था। यह जानकारी आज %अंडर वाटर ऑर्कियोलॉजी इन इण्डिया% की वेब सीरीज की चौथी व्याख्यान-माला में मेरीन ऑर्कियोलॉजी के मुख्य तकनीकी अधिकारी डॉ. ए.एस. गौर ने दी। हजारों साल पहले बेहतरीन समुद्र तट होने के कारण विश्व के प्रमुख व्यापारी भारत की ओर सर्वाधिक आकर्षित होते रहे हैं। संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने %अंडर वाटर ऑर्कियोलॉजी इन इण्डिया% की वेब सीरीज के चौथे व्याख्यान का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत की गौरवशाली संस्कृति को बिना पुरातत्व के नहीं समझा जा सकता। पुरातत्ववेत्ता ही भारत की गौरवशाली संस्कृति और सभ्यता को विश्व के समक्ष लाये हैं और लाते रहेंगे। डॉ. गौर ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया कि मध्यकाल में द्वारका प्रमुख बंदरगाह था और यह नगरी हजारों साल से आज भी जीवित है। उन्होंने समुद्र के नीचे बड़ी मात्रा में मिले पूर्व सभ्यता के अवशेषों की रोचक ढंग से विस्तृत व्याख्या की। प्रस्तुतिकरण में श्री गौर ने द्वारका, भेंटद्वारका, मूलद्वारका, सोमनाथ, महाराष्ट्र के केलसी, विजयदुर्ग, गोवा, तमिलनाडु के पुम्पुहार, महाबलीपुरम आदि के समुद्र के अंदर पाये गये अनेक शिल्पों की विस्तृत व्याख्या की। गुजरात में मिले शिल्प 4 से 5 हजार वर्ष पुराने हैं। इसी तरह अन्य समुद्रों में पाये गये शिल्प, औजार, इमारत, पानी के जहाजों के अवशेष आदि दो हजार वर्ष पुराने हैं। समुद्र के भीतर बहुतायत से एंकर (लंगर) मिले हैं, जो हजारों वर्ष पुराने होने के साथ कई चीन, जापान, थाईलैण्ड आदि देशों के भी हैं। संभवत~ इन देशों से समुद्री जहाज भारत आते रहे होंगे। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार और संग्रहालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का संचालन उप संचालक श्रीमती गीता सभरवाल ने किया। आभार पुरातत्व अधिकारी डॉ. रमेश यादव ने किया।

# जंगल कैम्प के माध्यम से पर्यटक प्रकृति से जुड़ सकेंगे

### वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने किया सतधारा ईको जंगल कैम्प का शुभारंभ

**भोपाल।** वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा है कि ईको जंगल कैम्प परिसर में बच्चों से लेकर आम आदमी की सभी गतिविधियों को विकसित किया गया है। इस परिसर में आने वाले पर्यटकों को प्रकृति का आनंद महसूस होगा। ईको जंगल कैम्प के माध्यम से पर्यटन प्रकृति से जुड़ सकेंगे। वन मंत्री भोपाल-विदिशा रोड पर बने सतधारा ईको जंगल कैम्प का शुभारंभ कर रहे थे। वन मंत्री ने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। वन मंत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा तैयार किये गए इस परिसर से जल, जंगल, पर्यावरण और ऑक्सीजन को समझने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि जंगल कैम्प को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप में लाया जायेगा। परिसर में आने वाले पर्यटकों से नार्मल शुल्क लिया जाएगा। सतधारा में ईको जंगल कैम्प का शुभारंभ करने के बाद बैलगाड़ी में बैठने, रस्सी पर चलने, तीरंदाजी, बास्केटबॉल तथा क्रिकेट सहित अन्य गतिविधियों का आनंद लिया। उन्होंने कैम्प स्थल पर मिट्टी से दीये तथा कलाकृतियां बनाने वाले कलाकारों को 1100-1100 रूपये देने की घोषणा की। वन मंत्री कुंवर विजय शाह अनुभूति स्मारिका का विमोचन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि वन विभाग द्वारा विद्यार्थियों को प्राकृतिक संपदा के संरक्षण एवं प्रोत्साहित और जागरूक करने के लिये अनुभूति कार्यक्रम हाथ में लिया गया है।

# कमलनाथ बताएं, चंबल एक्सप्रेस वे को ठंडे बंस्ते में क्यों डाला ? : विष्णुदत्त शर्मा

**भोपाल।** आज कांग्रेस के नेता ग्वालियर-चंबल अंचल में जाकर भाजपा से सवाल कर रहे हैं, लेकिन उन्हें सवाल पूछने के बजाय जनता को यह बताना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश को चंबल एक्सप्रेस वे की जो सौगात दी थी, कमलनाथ ने उसे ठंडे बस्ते में क्यों डाल दिया था? प्रदेश में भाजपा सरकार आते ही चंबल एक्सप्रेस वे को प्रोग्रेस वे के रूप में आगे बढ़ाने का काम हुआ और अब उसे केंद्र सरकार की मंजूरी भी मिल गई है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कमलनाथ जी जब मुख्यमंत्री थे तब उन्हीं के मंत्री गोविन्द सिंह ने रेत के अवैध उत्खनन का आरोप लगाते हुए पैसा नीचे से ऊपर तक जाने की बात कही थी। कमलनाथ बताएं कि इस 'उपर तक में' क्या सोनिया गांधी और 10 जनपथ भी शामिल थे ? सदस्यता अभियान को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा किए जा रहे सवालों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि ग्वालियर में हुए भाजपा के सदस्यता अभियान की धमक दिल्ली तक पहुंच गई है, जिसको लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं और स्वयं सोनिया गांधी को विचार करना पड़ रहा है। कांग्रेस को अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए मंथन करना पड़ रहा है और पूरी कांग्रेस में खलबली है। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधरित पार्टी है, यहां एक बूथ का अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष तक बन सकता है, यहां गरीब माँ के बेटे नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री, गरीब किसान के बेटे शिवराजसिंह चौहान मुख्यमंत्री और सामाजिक चेतना के लिए संघर्ष करने वाली उमा भारती मुख्यमंत्री बन सकती हैं। यहां कांग्रेस की तरह एक परिवार विशेष का कब्जा नहीं होता।

# यूरिया और उपभोक्ता सामग्री की कालाबाजारी और मिलावट बर्दाश्त नहीं होगी

## मुख्यमंत्री चौहान ने दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए



भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि यूरिया और खाद्य सामग्री की कालाबाजारी तथा मिलावट को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमें प्रदेश में ऐसी व्यवस्था स्थापित करनी है जिससे कालाबाजारी और मिलावट की गतिविधियाँ शून्य की स्थिति में हों। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज मंत्रालय में आयोजित बैठक में कहा कि किसानों और राशन उपभोक्ताओं के लिये संचालित योजनाओं में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए अद्तन तकनीक का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। सुशासन स्थापित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ लगने वाली धाराओं का उल्लेख करते हुए कहा कि दोषियों पर विधि सम्मत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अपराधियों पर मुकदमें दर्ज हों और उनके वाहन भी राजसात किए जाएं। आज की बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी, अपर मुख्य सचिव गृह श्री राजेश राजौरा, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री के.के. सिंह के अलावा आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) के अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ईओडब्ल्यू के अधिकारियों को दोषियों के प्रकरण में कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कालाबाजारी के दर्ज हुए मामले, अब तक हुई कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

## संपादकीए

### चीन की चुनौती

सीमा पर चीन से तनातनी के बीच भारत सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हिमाचल प्रदेश के दारचा से लद्दाख तक जाने वाली 290 किमी लंबी सड़क बना रहा है। यह सड़क पहाड़ों में ऊंचाई वाले बर्फीले इलाकों से होकर कई दर्रों से भी गुजरेगी। इस सड़क के बनने से लद्दाख में अग्रिम मोर्चे तक साजोसामान और सैनिकों को ले जाने में आसानी होगी। इस सड़क के बनने से रणनीतिक रूप से अहम कारगिल क्षेत्र भी जुड़ सकेगा। मनाली-लेह और श्रीनगर-लेह के बाद अब यह तीसरी सड़क होगी जो लद्दाख को जोड़ेगी। अधिकारियों ने बताया कि हिमाचल से लद्दाख तक एक वैकल्पिक सड़क बनाने के लिए तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। उम्मीद है कि इसे 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा से सटे दौलत बेग ओल्डी और डेपसांग तक सैनिकों की आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कई परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी लाई जा रही है। भारत की यह रणनीति इसलिए है क्योंकि एलएसी पर चीन आसानी से मानने वाला नहीं है। कई दौर की बातचीत और कड़े फैसले के बाद भी चीन जिद पर अड़ा है। और एक के बाद एक क्षेत्रों में दादागिरी दिखा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चीन के साथ पहले लद्दाख में घुसपैठ की लेकर संवाद के जरिए समाधान निकलने पर संदेह जता चुके हैं। कुछ दिन पहले रक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और सीडीएस जनरल विपिन रावत के साथ बैठक की थी। इसके बाद सीडीएस जनरल विपिन रावत ने समाधान न निकलने पर सैन्य कार्रवाई का विकल्प बताया था। सेना मुख्यालय, विदेश मंत्रालय के सूत्र भी मानने लगे हैं कि चीन गोगरा पोस्ट, डेपसांग, पैगांग त्सो लेकर, फिंगर एरिया में टस से मस नहीं हो रहा है। चीन इन क्षेत्रों में बफर जोन बनाने का प्रस्ताव रखा रहा है और यह भारत को स्वीकार नहीं है। ऐसे में बिना अंगुली टेढ़ी किए घी निकल पाने की संभावना कम है। सीडीएस जनरल रावत के बयान के बाद भारतीय सामरिक हलके में हलचल काफी तेज है। कुछ रणनीतिकारों का कहना है कि भारत को यह संदेश काफी आरंभ में देना चाहिए था। चीन की सरकार एजेंसी ने साल की शुरुआत में ही जानकारी दी थी कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ट्रेनिंग मोबलाइजेशन की अनुमति दे दी थी। यह सैन्य ट्रेनिंग तिब्बत और शिजियांग प्रांत में होनी थी। चीन ने इसे केंद्र में रखकर तिब्बत और आस-पास सैन्य जमावड़ा बढ़ाना शुरू कर दिया। डोकलाम में झटका खाए भारत की एजेंसियों ने इसके बहुत हल्के में लिया। इस समय स्थिति यह है कि लद्दाख से सटे चीन के क्षेत्र में चीनी सेना का पूरा जमावड़ा है। सूत्र बताते हैं कि भारत की नींद पांच मई को छोटी सी सैन्य झड़प के बाद खुली। पहले से चीन की इस तैयारी पर निगाह रखी जाती और सामानांतर एहतियातन तैयारी होती तो हालात कुछ और होते। भारत ने चीन की फौज को वास्तविक नियंत्रण पर भेजने के लिए पहला संदेश संवाद का तथा दूसरा चीन की फौज के सामने अपनी सेना की लंबी तैनाती का संदेश दिया। सूत्र का कहना है कि चीन के सामने भारतीय सेना की तैनाती से चीन पर क्या फर्क पडने़ वाला? चीन के सैनिक तो हमारी ही जमीन में घुसपैठ करके बैठे हैं। सामने हमारे भी सैनिक बैठे रहेंगे। यह सही है कि कोई भी सैन्य कार्रवाई अचानक नहीं की जा सकती। इसके लिए तैयारी करनी होती है। इसके लिए समय चाहिए। संकेत भी इसी तरह के हैं। भारत ने लद्दाख क्षेत्र में यूएवी, अरली वार्निंग एयर कंट्रोल सिस्टम, आकाश प्रतिरक्षी मिसाइल प्रणाली, इग्ला एंटी एयरक्राफ्ट गन(बेसिक सुरक्षा, रेंज पांच किमी) को लद्दाख क्षेत्र में तैनात कर रखा है। चीन को मुगालते में नहीं रहना चाहिए। कोई धैर्य की परीक्षा न ले। टकराव हुआ तो चीन के फायर पावर को भारतीय सैन्य युद्ध कौशल अच्छा जवाब देगा।

# वोट के लिए भगवान परशुराम पर जंग!

-डॉ श्रीगोपाल नारसन

राजनीति और वोट के लिए राजनीतिक दल और नेतागण कुछ भी कर सकते है।अब देखिए न !सुप्रीम कोर्ट द्वारा राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के बाद भाजपा मंदिर निर्माण की आड़ में अपने वोटरों को साधने में लगी है तो ब्राह्मणों की सिम्पैथी बटोरने के लिए बसपा और सपा दोनो ही पार्टियां परशुराम -परशुराम का खेल ,खेल रही है।दोनो पार्टियां भगवान परशुराम की एक दुसरे से बड़ी प्रतिमा स्थापित करने की राजनीति कर रही है।वही कुछ दल योगी शासनकाल मे हुई ब्राहाम्ण हत्याओं का मुद्दा भी उठा रहे है ।यह तो सच है कि उत्तर प्रदेश में जहां अपराध बढ़े है,वही साधु संतों व ब्राह्मणों की हत्याओं के मामले भी सामने आए है ,लेकिन हत्याएं केवल एक ही जाति या धर्म की हुई हो,ऐसा नही कहा जा सकता ।सवाल यह उठता है कि ब्राह्मणों के प्रति हाल ही के दिनों में उठी हमदर्दी और भगवान परशुराम की प्रतिमा लगाने की होड़ के पीछे की कहानी क्या है?दरअसल, बहुजन समाज पार्टी जिसकी मुखिया मायावती ने अपनी राजनीति की शुरुआत ही %तिलक ,तराजू और तलवार।इनको मारो जूते चार% जैसे बेसिरपैर के नारे से की थी,वही समाजवादी पार्टी ने सत्ता में होते हुए कभी ब्राह्मणों की तरफ देखा तक नही,उनके समय की भर्तियों में यादव बाहुल्यता साफ झलकती थी।लेकिन अब जब बिना ब्राह्मण वोटों को साधे सत्ता की कुर्सी नजर नही आई तो दोनों पार्टियों को भगवान परशुराम याद आ गए।जबकि शायद ही इन दोनों पार्टियों को भगवान विष्णु के अवतार परशुराम की बारे में कोई आध्यात्मिक ज्ञान हो।उनके ज्ञान के लिए बताना जरूरी होगा कि भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। वे श्रीराम के समय भी और श्रीकृष्ण के समय भी मौजूद रहे,वही आज भी उन्हें जीवित ही माना जाता है। परशुराम ने ही श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। किदवदन्ति है कि महेंद्रगिरि पर्वत भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रही है और उसी पर्वत को कल्पांत तक तपस्या के लिए उन्होंने चुना। कहते है, एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने उन पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट हो गया और वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर वे पहले नाराज हुए और फिर श्रीराम का सम्मान भी किया। द्वापर युग में



उन्होंने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दिया और भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी।भगवान परशुराम को विष्णु का छठा % अवतार% माना जाता है।जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है। भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। उत्तर प्रदेश के शासकीय बलिया गजेटियर में परशुराम का चित्र सहित संपूर्ण विवरण उपलब्ध होना बताया गया है। एक किंवदंती में मध्यप्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋषि जमदग्नि का आश्रम है। कहते हैं कि प्रचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव में स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं। एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच स्थित कलचा गांव में स्थित एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यही जन्म दिया । वही शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश मे धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी। जमदग्नि ने आश्रम के निकट ही रेणुका के लिए कुटी बनवाई थी आज उस कुटी के स्थान पर एक अति प्राचीन मन्दिर बना हुआ है जो आज %ढकियाइन देवी% के नाम से सुप्रसिद्ध है। भगवान परशुराम के लिए जहां अपने पिता की आज्ञा सर्वोपरि रही वही वे अपने क्रोध व शिव भक्ति के लिए भी जाने जाते है।कहा जाता है कि एक बार उन्होंने अपने पराक्रम से नदियों तक की दिशा मोड़ दी थी।ऐसे भगवान परशुराम पर राजनीति होना अच्छा नही है।जिसे प्रतिमा लगानी हो लगाए,पूजा करनी हो करे लेकिन सिर्फ वोटो के लिए ऐसा करना कतई शोभायमान नही है।न परशुराम और नही उनके वंशज ब्राहाम्ण किसी की बपौती है कि जब चाहे पुचकार ले और जब चाहे दुत्कार ले।भगवान परशुराम स्वयं स्वाभिमानी देवता है और उनके वंशजो को भी स्वाभिमानी ही माना जाता है।जो किसी लालच के लिए किसी का वोट बैंक नही बन सकते।

## कोरोना

ओ कोरोना तुम तो जीवन मे तूफान की तरह आये हो,
जहा भी देखो इधर उधर तुम ही तुम छाये हो।
शादी विवाह तो छोडो मृत्युभोज भी बंद हुआ,
ट्रेन बसे तो छोड़ो प्लेन तक बंद हुआ।
मनोरंजन के सारे साधन चुटकियो मे ध्वस्त हुए,
दिल के अरमान दिल मे ही रो रो कर पस्त हुए।
दुनियादारी का दिखावा फोकस सारे दूर हुए,
सादा जीवन सादा भोजन घर से ही सब शुरू हुए।
मन्दिर मस्जिद घर मे है ये तुमने समझाया है,
मन मन्दिर मे ईश्वर है ये तुमने समझाया है।
बेफिजूल के खर्चे सारे मेल मिलाप सब खत्म हुए,
सामाजिक दूरी के चलते सामाजिक उत्पात भी खत्म हुए।
डर और खौफ का प्रबल प्रतीक तुमने बतलाया है,
जिंदगी है अनमोल ये तुमने सिखलाया है।
घर परिवार अपनो की कीमत तुमने समझायी है,
ओ कॅरोना तुम्हारा धन्यवाद जीवन जीने की अद्वितीय कला तुमने सिखाई है।



**प्रियंका पवन खंताल(बावली)**
झांसी उप्र

### शब्द पहेली -6669



बाएँ से दाएँ

ऊपर से नीचे

शब्द पहेली -6668 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## (बिटिया एक दीपक)

जग की जो प्रथा है उसे हमने निभाया है
आज विदा होगी जिसे गोद में खिलाया है

आंसू की एक बूँद सी होती है बेटिया
स्पर्श खुरदरा हो तो रोती है बेटियां

रोशन करेगा बेटा एक कुल को
दो दो कुलो की लाज होती है बेटिया

काँटों की राह पर खुद ही चलती है बेटिया
औरो के लिए फूल बोती है बेटिया

पढ़ी लिखी हो बेटिया तो ओरो को भी जगाती है
खुद के अधिकारों के लिए बेटियां कभी नहीं लड़ खड़ाती है

सुख दुःख में साथ निभाती है बेटियां
अपने पराये का भेद मिटाती है बेटियां

सूरज सी रौशनी फैलाती है बेटियां फूलों सी महक छोड़ती है बेटियां

प्यार और प्रेम की मूर्त होती है बेटियां
निश्छल मातृत्व व अपनत्व की सुरत होती है बेटिया

पापा की परी माँ की दुलारी होती है बेटियां
भाइयों की आन बान शान होती है बेटियां



**राकेश राव**
मेलाणा जोधपुर।

## -: लोगों की सुनते सुनते :-

मैं दुनियां की बातें
सुनते सुनते ऊब गया हुँ,
मैं दरिया से बातें
करते करते डूब गया हुँ !
करू किसी की आलोचना तो
ये खुश,सत्य कहूं तो नाखुश।

है ये दुनियां अजीबोगरीब
मैं अच्छा करता हुँ,
तो इनको खलता है
हो जाये मुझसे गलती से
कोई बुरा काम तो इनका
चेहरा खिलता है !



कोई करे इधर की उधर
तो ये खूब सुनते है।
कोई सत्य पे अड़ जाये
तो ये पास न टिकते है।
झूठे है कुछ लोग एक
की दो लगाके कहते है !
जैसे पीके थोड़ी शराब
बात बढ़ा चढ़ाके कहते है !

कोई पथ पे चलते चलते भी
किसी को राह दिखाता है
कोई राह चलते हुवे को
भी पथ से भटकाता है
है ये कैसे कैसे लोग
मैं कहूं सत्य तो लगता
है इनको बेईमानी का रोग !

कुछ कंटक आपकी
राह में कांटे बिछाते है।
कुछ महानुभव आपके
लिए पलके बिछाते है।
कौन महान कौन है झूठा
कौन बचाता कौन लुटता !

कोई खैरियत पूछता है
कोई साजिशे करता है।
कोई आपको देखके
खिलखिला उठता है।
कोई आपको देखकर
आँखों से आग उगलता है !

मेरी कलम को कभी
कभी ये लोग उकसाते है।
सच्चाई क्या है दुनियां की
मेरी कलम से लिखवाते है!
कलम दूध का दूध और
पानी का पानी करती है।
कलम झूठे लोगों की
सच्ची कहानी लिखती है !

- भगवान सिंह चारण
, डीडवाना राजस्थान

## मैं आज़ाद

जो
दिखता है
आसमान में लहराता
मेरा हृदय
है

चढ़ा
है इसपे
सुख-शान्ति-धर्म
का लेप
भी



बाँधा
इसे प्राचीर
अशोक चक्र ने
मजबूती के
लिए

है
बना यह
तिरंगा मेरी शान
देता खुशी
अपार

रोज़
दिलाता याद
अमरता के बलिदान
को ऊँचा
लहराकर

प्रतिबिंब
इसमें अपना
देख हर्षित होती
मैं भी
बहुत

आज
सोचती आह!
हूँ मैं आज़ाद
कितना सुखद
एहसास।

डॉ. लता
(हिंदी शिक्षिका)
नई दिल्ली

# मक्का सिर्फ अनाज ही नहीं औषधि भी है

मुकेश तिवारी

दुनिया भर के अधिकांश लोग मक्का से परिचित है। मक्का को लोग सिर्फ अनाज के रूप में ही जानते हैं वहुत कम लोगो को जानकारी है कि मक्का एक औषधि भी हैं। हालाकि आयुवेद के ग्रंथो व भव्य प्रकाश निपंट में मक्का के औषधीय गुण का उल्लेख नही मिलता हैं लेकिन शालिग्राम निघट में मक्का के औषधीय गुण धर्म का उल्लेख मिलता है। मक्का के प्रत्येक भाग का उपयोग विभिन्न रूपों मसलन खाध सामग्री ,औषधि ,सौन्दर्य प्रसाधन इत्यादि में किया जाता हैं। इसके तने का इस्तेमाल मवेशियों के चारे के रूप में किया जाता हैं। मक्का का वानस्पतिक नाम जिया मेज है।यह ग्रेमिनी कुल का सदस्य है। इसके रासायनिक विश्लेषण से जानकारी मिलती है कि मक्के के दानो में जल,कार्बोहाइड्रेड ,प्रोटीन ,लोहा ,वसा ,नियासीन , फॉस्फोरस,कैरोटिन तथा कैल्शियम होता है।इनके अलावा अल्बूमिन ,ग्लोबुलिन प्रोलामाइन एवं ग्लुटेलिन नामक प्रोटीन भी इनमें होते है। मक्का में जेन नामक प्रोटीन मुख्य रूप् से पाया जाता है। दरअसल में मक्के की गिनती प्रधान भोजन के रूप् में नहीं की जाती है। इसकी मुख्य वजह यह है कि इसमें पाये जाने वाला जेन प्रोटीन अपूर्ण प्रोटीन होता है। इसे अपूर्ण प्रोटीन इसलिए कहा जाता है कि इसमें अनेक मूलभूत अमीनो अम्ल मसलन मेथियो-नाइन ,सिस्टाइन, ट्रिप्टोफेन इत्यादि बहुत ही अल्प मात्रा में पाये जाते है। ये दीगर बात है कि पौष्टिकता की दिृष्ट से गेहॅू ,चावल के बाद मक्का का ही स्थान है। मक्का के भुट्टे खाने के पश्चात अन्य भोजन नहीं करना चाहिए।यदि सहज उपलब्ध हो सके तो एक कप मट्ठा पी लेना चाहिए



। मट्ठा पी लेने से फायदा यह होता है कि भुट्टा आसानी से पच जाता है,साथ ही शरीर को ज्यादा लाभ मिलता है।भुट्टे के दाने को जितने बारीक ढंग से चबायेगे उतने लाभ मिलेगे।इसलिए भुट्टे के दाने को खूब चबाकर खाना चाहिए। मक्के की रोटी ,भुजा सेके गये अथवा उबाले गये भुट्टे का अपनी पाचन शक्ति को देखते हुए उचित मात्रा में ही सेवन करना चाहिए ,वरना ये नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि इसमें बीज-आवरण मोटे होते है जो आसानी से नहीं पचते हैं। मक्का के आटे को पानी में घोलकर पीने या इसकी रोटी खाने से रक्त साफ होता है।इससे फायदा यह होता है कि शरीर पर निकलने वाली फोडे -फुसियों में भी कमी आती है। मक्के का आटा हाथों पर रगडने से हाथों की गंदगी दूर हो जाती है साथ-साथ गंध भी समाप्त हो जाती है। मक्के का आटा पानी में घोलकर या फेटकर चेहरे पर मलने से कील ,मुंहासे व झाइयां समाप्त हो जाती हैं। इससे त्वचा में निखार भी आता है। मक्के के पौधे के कई अवयवों एंव इसके दानों का औषधि के रूप में प्रयोग होता है। मक्का आसानी से हजम हो जाता है बशर्ते की आपका पेट ठीक हो ।इसकी मुख्य वजह यह है कि इसके दोनों में वसा एवं स्टार्च बहुत ही अल्प मात्रा पाए जाते है।दस्त के रोगी को इसके सेवन से परहेज ही करना चाहिए । किन्तु जो व्यक्ति कव्ज रोग से त्रस्त होते है उन्हें मक्का के भुने दाने या मक्का के भुने दाने अथवा मक्के के भुटटे का सेवन करना चाहिए । इसमें वसा की मात्रा कम होती हैइसलिए मक्का कोलेस्ट्राल घटने में सहायक होता हैं। हृद्वय रोगी जो अपना कोलेस्ट्राल घटना चाहते है,इसका इस्तेमाल उचित मात्रा में कर सकते हैं। मक्के की पत्तियां मानव के लिए औषधि की तरह सिद्ध होती हैं। इसकी पत्तियों को पीसकर शर्बत बनाकर पीने से हृद्धय रोगों में लाभ मिलता हैं। इसका सेवन तकरीबन 45 दिनों तक करना चाहिए । इसके शर्बत की मात्रा 20 से 50 मिली लीटर होनी चाहिए ।मक्का के पत्त्ा पीसकर शरीर पर लगाने से खरिश ,फुसियां, पित्त,गंजेपन इत्यादि में लाभ मिलता हैं। माथे एवं शरीर पर लेप करने से सिर दर्द से निजात मिलती है मक्के के पत्ते को मुंह में रखकर चबाने से मुंह की शराब की दुर्गन्ध समाप्त हो जाती है। मक्के के पत्तों का अर्क निकालकर उसमें शक्कर मिलाकर 2 मिली लीटर की मात्रा में पीने से रूका हुआ मासिक स्त्राव खुल जाता है। इसकी मात्रा 2-2मिली लीटर दिन में तीन बार लेनी चाहिएं।



लिथुआनिया में बेलारुस के विरोधी पार्टी की एक समर्थक बेलारुसी झंडे के सामने सेल्फी लेती हुई।

# कोरोना माहमारी का डर खत्म करने, जापानी लाश की तरह ताबूत में लेट रहे



**टोक्यो।** अगर कोरोना माहमारी डरावनी लग रही है,तब डर दूर करने के लिए लाश की तरह ताबूत में लेट जाइए। एक जापानी कंपनीकोविड-19 से लोगों का दिमाग हटाने के लिए उन्हें जंजीरों से जकड़ कर लाश की तरह ताबूतों में डालने का विचार लेकर आई है। टोक्यो में इस सप्ताह से 2-मीटर (साढ़े 6 फुट) खिड़की वाले एक बॉक्स में लेटकर डरावनी कहानी सुनाई जाएगी। इस दौरान ताबूत में बैठे बैठे आप अभिनेताओं को अभिनय करते हुए देख सकते हैं, कुछ नकली हाथ आपको कोंच सकते हैं और आप पर पानी की फुहार भी पड़ सकती है। प्रोडक्शन कंपनी कोवागसेटाई के कोऑर्डिनेटर केंटा इवाना ने कहा कि हमें उम्मीद है कि स्केयर स्क्वाड नाम के 15 मिनट के इस शो से इस तनावपूर्ण महामारी में लोगों को जोर से चीखने का एक मौक़ा मिलता है जिससे उन्हें थोड़ी राहत मिल जाती है। प्रोडक्शन कंपनी कोवागसेटाई के कोऑर्डिनेटर केंटा इवाना भी अपने अभिनेताओं के लिए काम के लिए परेशान हैं। इससे पहले वे आमतौर पर थीम पार्क जैसे स्थानों पर प्रदर्शन करते थे। लेकिन कोरोना के चलते थीम पार्क बंद हो गए और इसलिए उन्हें काम मिलना भी बंद हो गया। पिछले महीने कोवागरासताई ने ड्राइव-इन हॉरर शो की पेशकश की। कंपनी का कहना है कि ग्राहक भी नई चीजों की खोज में है और कोरोना का डर भी मिटाना जरुरी है।

# संघर्ष विराम के नाम पर 'छल', लीबियाई कमांडर बोले- प्रतिद्वंद्वी आंखों में झोंक रहे है धूल

काहिरा। राजनीतिक अस्थिरता से गुजर रहे लीबिया में गृहयुद्ध जैसे हालात है। ऐसे में लीबियाई कमांडर खलीफा हफ्तार के प्रति वफादार बलों ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित सरकार के संघर्ष विराम संबंधी प्रस्ताव को 'छल' बताकर खारिज कर दिया और दावा किया कि प्रतिद्वंद्वी मिलिशिया सामरिक शहर सिर्ते पर हमला करने की तैयारी कर रहे हैं। हफ्तार बलों के प्रवक्ता, अहमद अल मोसमारी ने टीवी पर प्रसारित प्रेस वार्ता में कहा कि यह प्रस्ताव, और कुछ नहीं बल्कि आंखों में धूल झोंकने और स्थानीय एवं अंतरराष्ट्रीय जनता को धोखा देना भर दिखाता है। उन्होंने तुर्की और कतर का संदर्भ देते हुए कहा, यह पहल लीबिया में उनकी सही मंशा को ढंकने के मकसद से है। ये दोनों देश, राजधानी त्रिपोली में संयुक्त राष्ट्र समर्थित सरकार के मुख्य समर्थक हैं। वहीं हफ्तार के बल पूर्वी लीबिया में प्रतिद्वंद्वी संसद के साथ संबद्ध हैं। तेल समृद्ध लीबिया में उस वक्त अराजकता उत्पन्न हो गई थी जब नाटो समर्थित विद्रोह ने 2011 में लंबे समय से तानाशाह रहे मोअम्मर गद्दाफी का तख्तापलट किया था, जिनकी बाद में हत्या कर दी गई थी। बाद में देश प्रतिद्वंद्वी पूर्व और पश्चिम आधारित प्रशासनों में बंट गया था और प्रत्येक प्रशासन का समर्थन सशस्त्र समूह तथा विदेशी सरकारें करती हैं। त्रिपोली सरकार के प्रमुख, फयाज सर्राज ने शुक्रवार को संघर्षविराम की घोषणा की थी और सिर्ते और पास के जुफ्रा इलाके से सेना हटाने का आह्वान किया था जिसका अर्थ है कि हफ्तार बलों को वहां से हटना होगा।

### अमेरिका में गतिरोध की भेंट चढ़ा पोस्टल विधेयक, आपात डाक सहायता रुकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी डाक सेवा के लिए सहायता का प्रावधान रविवार को गतिरोध की भेंट चढ़ गया, क्योंकि व्हाइड हाउस ने नवंबर चुनावों से पहले एजेंसी को मजबूत करने के लक्ष्य से लाए आपात वित्तपोषण विधेयक को खारिज कर दिया। सदन की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने सांसदों से इसपर त्वरित कार्रवाई करने की अपील की। पेलोसी ने कहा, जनता अब इस पर कार्रवाई की मांग कर रही है। उन्होंने कहा,मुझे समझ नहीं आता कि अगर संसद इस खतरे में नहीं डालना चाहती,तब इससे कैसे बच सकती है। व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मिडोज ने सदन द्वारा पारित विधेयक को खारिज कर दिया। इसके तहत डाक सेवा को 25 अरब डॉलर देने और पोस्टमास्टर जनरल लुई डीजॉय द्वारा किए गए संचालन संबंधी बदलावों को रोकना था। उन्होंने कहा,यह कोई गंभीर विधेयक नहीं था।

# फ्लोरिडा में अगले साल से संशोधित करोड़ों मच्छरों को पर्यावरण में छोड़ा जाएगा

## डेंगू और जीका से लड़ने की तैयारी



**फ्लोरिडा।** अमेरिका के फ्लोरिडा में अगले साल से आनुवंशिक रूप से संशोधित करोड़ों मच्छरों को डेंगू बुखार और जीका वायरस जैसे बीमारियों को फैलाने वाले मच्छरों को रोकने के लिए पर्यावरण में छोड़ा जाएगा। इस सप्ताह फ्लोरिडा कीज मॉस्किटो कंट्रोल डिस्ट्रिक्ट ने 2021 में पायलट प्रोजेक्ट के लिए धारीदार पैर वाले एडीज इजेप्टाई मच्छर को पर्यावरण में छोड़ने की मंजूरी दे दी है। एडीज इजेप्टाई मच्छर जो मूल रूप से फ्लोरिडा के नहीं है,यह मच्छर इंसानों में डेंगू, जीका, चिकनगुनिया और पीला बुखार जैसी जानलेवा बीमारियों को प्रसारित करता है। फ्लोरिडा कीज मॉस्किटो कंट्रोल डिस्ट्रिक्ट के अधिकारियों ने दो साल की अवधि के लिए 75 करोड़ संशोधित मच्छरों को छोड़ने की अनुमति दी। इस काम को ब्रिटेन स्थित ऑक्सिटेक बायोटेक्नोलॉजी कंपनी अंजाम दे रही है। कंपनी की योजना है कि करोड़ों की संख्या में आनुवांशिक रूप से परिवर्तित नर मच्छरों को पर्यावरण में जाएगा। यह नर मच्छर मादाओं के साथ मेट करेगा। मादा मच्छर को अंडे देने के लिए खून की आवश्यकता होती है और इसकारण वहां इंसानों को काटती हैं,इस देखकर कंपनी ने इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए नर मच्छरों में आनुवांशिक रूप से कुछ परिवर्तन किए हैं।कंपनी का मानना है कि आनुवांशिक रूप से परिवर्तित नर मच्छर, जो काटते नहीं हैं,वहां मादा के साथ मेट करेंगे और इस दौरान उनमें से प्रोटीन निकलेगा जो आनुवंशिक तौर पर परिवर्तित है और वहां मादा मच्छर को उसके काटने की उम्र से पहले ही मार देगा। कंपनी का मानना है कि वहां इस प्रकार रोग फैलाने वाले कीड़ों की आबादी को कम करने में मदद मिलेगी। कंपनी ने केमैन द्वीप और ब्राजील में इस तरह की परियोजनाएं सफलतापूर्वक की हैं। हमने हाल के वर्षों में एक अरब से अधिक अपने मच्छरों को छोड़ा है और उन्होंने पर्यावरण या मनुष्यों को किसी तरह से प्रभावित नहीं किया है। कई फ्लोरिडा सरकारी एजेंसियों ने भी मंजूरी दे दी है। हालांकि, कई वैज्ञानिकों हैं जो आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों या जीएमओ का उपयोग करने के बारे में चिंतित हैं इसके बाद लोगों का मानना है कि ऐसा करके वो प्राकृतिक संतुलन को बदल सकते हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में प्लाज्मा थेरेपी को दी अनुमति, स्वास्थ्य मंत्री ने बताया ऐतिहासिक फैसला

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका के खाद्य और औषधि प्रशासन ने कंवलसेंट प्लाज्मा तकनीक से इलाज को मंजूरी दी है। ट्रंप प्रशासन ने दावा किया है कि इस कंवलसेंट प्लाज्मा तकनीक से इलाज करने पर 30 से 50 फीसदी मरीजों की जान बचाई जा सकेगी। अमेरिकी स्वास्थ्य मंत्री एलेक्स अजार और एफडीए कमिश्नर स्टीफन हैन ने इसे ऐतिहासिक घोषणा बताया, जबकि ट्रंप ने इसके उपचार को सुरक्षित और प्रभावी बताया। हैन ने बताया कि यह



प्लाज्मा कोरोना वायरस के संक्रमण से ठीक हो चुके मरीजों के रक्त से निकाला जाएगा। जिसे संक्रमित मरीज को देने से उसके ठीक होने की संभावना बढ़ जाएगी। मेयो क्लिनिक के एक रिसर्च में दावा किया गया है कि कंवलसेंट प्लाज्मा कोरोना वायरस मृत्यु दर को 30 से 50 फीसदी तक कम कर देगा। ज्ञात हो कि जब कोई वायरस किसी इंसान पर हमला करता है तो उसके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता संक्रमण से लड़ने के लिए एंटीबॉडीज कही जाने वाली प्रोटीन का विकास करती है। अगर वायरस से संक्रमित किसी व्यक्ति के रक्त में पर्याप्त मात्रा में एंटीबॉडीज विकसित हो जाए, तो मरीज संक्रमण से मुक्त हो जाता है। प्लाज्मा थेरेपी को पैसिव इम्यूनिटी भी कहा जाता हैं। इसका मतलब होता है कि इम्युनोग्लोबुलिन जो किसी और के शरीर में पर्याप्त मात्रा में होता है और वह रोगी के शरीर में जाकर रोग से लड़ने में मदद करता है। कंवलेसंट प्लाज्मा थेरेपी के पीछे विचार यह है कि इस तरह की रोग प्रतिरोधक क्षमता ब्लड प्लाज्मा थेरेपी के जरिए एक स्वस्थ व्यक्ति से बीमार व्यक्ति के शरीर में ट्रांसफर की जा सकती है। कंवलेसंट प्लाज्मा का मतलब कोविड-19 संक्रमण से ठीक हो चुके व्यक्ति से लिए गए ब्लड के एक अवयव से है। प्लाज्मा थेरेपी में बीमारी से ठीक हो चुके लोगों के एंटीबॉडीज से युक्त ब्लड का इस्तेमाल बीमार लोगों को ठीक करने में किया जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक ये 2-3 तरीकों से काम करते हैं, जैसे ये एंटीबॉडी वायरस के सरफेस पर जो एंटीजन है, वहां जाकर जुड़ जाते हैं। एंटीबॉडी और एंटीजन रिएक्शन से वायरस की दीवार टूट जाती है और वायरस बिखर जाता है जिससे व्यक्ति संक्रमित से मुक्त हो जाता है।



केनयोन में एलएनयू परिसर में लगी आग तेजी से फैलती नजर आयी। इस आग में करीब चार लोगों की जानें गयी हैं।

## सदन से पारित वित्तपोषण विधेयक को ह्वाइट हाउस ने खारिज किया, आपात डाक सहायता रुकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी डाक सेवा के लिए सहायता का प्रावधान गतिरोध की भेंट चढ़ गया है, क्योंकि व्हाइट हाउस ने नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले एजेंसी को मजबूत करने के लक्ष्य से लाए गए आपात वित्तपोषण विधेयक को खारिज कर दिया है। सदन की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने सांसदों से इसपर त्वरित कार्रवाई करने की अपील की। पेलोसी ने कहा जनता अब इस पर कार्रवाई की मांग कर रही है। उन्होंने कहा मुझे समझ नहीं आता कि अगर संसद इसे खतरे में नहीं डालना चाहती तो इससे कैसे बच सकती है। व्हाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मिडोज ने शनिवार को सदन द्वारा पारित विधेयक को खारिज कर दिया। इसके तहत डाक सेवा को 25 अरब डॉलर देने और पोस्टमास्टर जनरल लुई डीजॉय द्वारा किए गए संचालन संबंधी बदलावों को रोकना था। मिडोज ने इसे एक राजनीतिक वक्तव्य करार दिया और इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी भी अतिरिक्त धन पर केवल विस्तृत कोरोना वायरस राहत पैकेज के हिस्से के तौर पर ही विचार करेंगे।

# पहली वैक्सीन की सुरक्षा पर उठे सवालों के बीच रूस ने कोरोना की दूसरी वैक्सीन लांच की




**मास्को।** कोरोना वैक्सीन को लेकर दुनिया में सबसे पहले बाजी मारने वाले देश रूस ने एक ओर राहत की खबर दी है। पहली वैक्सीन की सुरक्षा पर उठे सवालों के बीच रूस ने कोविड की दूसरी वैक्सीन लांच कर दी है। रूस का दावा है कि यह वैक्सीन पहली वैक्सीन से अधिक सुरक्षित है। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में व्लादिमीर पुतिन ने स्पूतनीक-5 वैक्सीन लांच की थी, लेकिन परीक्षण के कई दुष्प्रभाव सामने आने के बाद जल्द ही इसकी आलोचना शुरू हो गई थी। दावा किया गया कि रूस द्वारा बनी पहली वैक्सीन के गुणकारी नतीजों पर संदेह जताया गया था, उसी प्रकार बनाई गई दूसरी वैक्सीन एपी-वेक कोरोना पर भी संदेह किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी पिछले माह कहा था कि 2021 की शुरुआत तक एक प्रभावकारी वैक्सीन उपलब्ध नहीं होगी। रूस साइबेरिया में एक पूर्व शीर्ष-गुप्त सोवियत जैविक हथियार अनुसंधान संयंत्र में एपी-वेक कोरोना वैक्सीन विकसित कर रहा है, जो अब एक विश्व-अग्रणी वायरोलॉजी संस्थान है।रूस के दूसरे टीके का क्लीनिकल परीक्षण सितंबर में पूरा हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने दावा किया कि जिन 57 वॉलयंटियर्स पर वैक्सीन का प्रयोग किया गया उनमें इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं देखा गया।बताया गया हैं कि वॉलयंटियर्स को 23 दिनों के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सभी स्वस्थ हैं। अब तक किसी प्रतिकूल प्रतिक्रिया का पता नहीं चला है। वैक्सीन का उद्देश्य 14 से 21 दिनों के अंतराल में दो इंजेक्शन लगाने के बाद एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया का उत्पादन करना है। रूस के लोगों को उम्मीद है कि वैक्सीन का उत्पादन अक्टूबर और नवंबर तक हो जाएगा।

# मंगलमूर्ति, विघ्नविनाशक, एकदंत, लम्बोदर गणेशजी

गणेश चतुर्थी भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को पड़ती है। शिवपुराण में कहा गया है कि भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की चतुर्थी मंगलमूर्ति गणेश की अवतरण तिथि है, जबकि गणेशपुराण के अनुसार गणेशावतार भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को हुआ था। विघ्न विनायक गणेश जी का यह त्योहार वैसे तो पूरे देश भर में उल्लास के साथ मनाया जाता है लेकिन महाराष्ट्र में इस पर्व की अलग ही छटा देखने को मिलती है जहां दस दिनों के लिए सारा वातावरण गणेशमय हो जाता है। छोटी जगहों से लेकर बड़े-बड़े होटलों तक में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की जाती है। शायद ही कोई ऐसा श्रद्धालु हो जो इस दिन गणेश जी की प्रतिमा स्थापित नहीं करता हो। ओम गण गण गणपते नमः और गणपति बप्पा मोरया का जयघोष दस दिनों तक गूंजता रहता है। गणेशजी को चढ़ाए जाने वाले लड्डुओं की इन दिनों भरमार रहती है। भगवान गणेश का स्वरूप अत्यन्त ही मनोहर एवं मंगलदायक है। वे अपने उपासकों पर शीघ्र प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। उनके अनन्त नामों में सुमुख, एकदन्त, कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विघ्ननाशक, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र तथा गजानन- ये बारह नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। इन नामों का पाठ अथवा श्रवण करने से विद्यारम्भ, विवाह, गृह-नगरों में प्रवेश तथा गृह नगर से यात्रा में कोई विघ्न नहीं होता है। देवसमाज में गणेशजी को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। भगवान श्री गणेशजी की पूजा किसी भी शुभ कार्य के करने के पहले की जाती है। मोदक इनका मनभावन भोग है और चूहा इनका प्रिय वाहन है। इनकी शादी ऋद्धि तथा सिद्धि के साथ हुई। इस पर्व से जुड़ी एक मान्यता यह भी है कि इस दिन के रात्रि में चंद्रमा का दर्शन करने से मिथ्या कलंक लग जाता है। **पूजन विधि-** इस दिन प्रातःकाल स्नान आदि के बाद सोने, तांबे, मिट्टी आदि की गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की जाती है और



उनका आह्वान किया जाता है। उनका तिलक कर पान, सुपारी, नारियल, लड्डु तथा मेवे चढ़ाए जाते हैं। उन्हें कम से कम 21 लड्डुओं का भोग लगाने की परम्परा है। इनमें से पांच लड्डुओं को गणेशजी के पास ही रहने देना चाहिए बाकी लड्डुओं का प्रसाद बांट देना चाहिए। सुबह और शाम को गणेशजी की आरती की जानी चाहिए और पूजन के बाद नीची नजर से चंद्रमा को अर्घ्य देकर ब्राह्मणों को भोजन कराकर यथाशक्ति दक्षिणा देनी चाहिए। गणेशजी का पूजन करने से रिद्धि-सिद्धि की प्राप्ति तो होती ही है जीवन के सभी कष्ट भी दूर होते हैं। इसके अलावा जीवन में शुभ अवसरों का आगमन होने लगता है। गणेशजी भक्तों को विशेष रूप से प्रेम करते हैं यदि आप सच्चे मन से उनका ध्यान लगाएंगे तो वह किसी न किसी रूप में आपकी मदद करने अवश्य आएंगे। उनसे किसी का कष्ट नहीं देखा जाता। वह अत्यंत दयालु हैं। वह सभी के मन की इच्छा को पूर्ण करने वाले हैं। **कथा-** एक बार भगवान शंकर स्नान करने के लिये भोगवती नामक स्थान पर गये। उनके चले जाने के पश्चात माता पार्वती ने अपने मैल से एक पुतला बनाया जिसका नाम उन्होंने गणेश रखा। माता ने गणेश को द्वार पर बैठा दिया और कहा कि जब तक मै स्नान करूं किसी भी पुरुष को अन्दर मत आने देना। कुछ समय बाद जब भगवान शंकर वापस आये तो गणेशजी ने उन्हें द्वार पर ही रोक दिया, जिससे क्रुद्ध होकर भगवान शंकर ने उनका सिर धड़ से अलग कर दिया और अन्दर चले गये। पार्वती जी ने समझा कि भोजन में विलम्ब होने से भगवान शंकरजी नाराज हैं सो उन्होंने तत्काल दो थालियों में भोजन परोस कर शंकरजी को भोजन के लिये बुलाया। शंकरजी ने दो थालियों को देखकर पूछा कि यह दूसरा थाल किसके लिये है, तो पार्वती ने जबाब दिया कि यह दूसरा था पुत्र गणेश के लिये है जो बाहर पहरा दे रहा है। यह सुनकर भगवान शंकर बोले कि मैंने तो उसका सिर धड़ से अलग कर दिया है। यह सुनकर पार्वती जी को बहुत दुःख हुआ और वह भगवान महादेव से अपने प्रिय पुत्र गणेश को जीवित करने की प्रार्थना करने लगीं। तब शंकरजी ने हाथी के बच्चे का सिर काटकर बालक के धड़ से जोड़ दिया जिससे बालक गणेश जीवित हो उठा और माता पार्वती बहुत हर्षित हुईं। उन्होंने पति और पुत्र को भोजन कराकर स्वयं भोजन किया। चूंकि यह घटना भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को हुयी थी इसलिये इस तिथि का नाम गणेश चतुर्थी रखा गया।

## खुश्क मौसम में रखें त्वचा का खास ध्यान

**सर्दियों** में स्किन का खुश्क होना सामान्य बात है। इस मौसम में त्वचा की प्राकृतिक नमी कम हो जाती है। तैलीय त्वचा वाले लोगों के लिए यह मौसम बेहतर होता है तो रूखी त्वचा वालों के लिए नुकसानदेह। आमतौर पर लोग नहाने के लिए गर्म पानी का प्रयोग करते हैं, लेकिन ज्यादा गर्म पानी के प्रयोग से त्वचा से त्वचा की खुश्की और बढ जाती है। इसके अलावा खानपान में भी थोडा तैलीय पदार्थों का इजाफा हो जाता है। जिससे पेट संबंधी समस्याएं बढती हैं। इस मौसम में यूं भी शारीरिक क्रियाएं कुछ कम हो जाती हैं, दिन छोटे लगने लगते हैं, इसलिए जरूरी होता है कि सक्रियता बनाए रखें और खानपान को संतुलित रखें। सर्दियों में खानपान और सौन्दर्य संबंधी टिप्स यहां प्रस्तुत हैं।

सर्दियों की धूप में बाहर जाना हो तो चेहरे पर एसपीएफ फाउंडेशन या मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं, क्योंकि इन दिनों धूप बहुत तीखी होती है। आईलाइनर का प्रयोग करने के बाद डार्क ब्राउन शेड का वाटरप्रूफ मस्कारा प्रयोग करें। रात में सोने से पूर्व नाइटक्रीम से चेहरे की मालिश करें। आंखों के आसपास आईक्रीम लगाएं।

विंटर में स्मोकी आई मेकअप बहुत अच्छा लगता है। सर्दियों में बेडरूम में रूम हीटर लगा



रहे हों तो उसे नीचे रखें। साथ ही एक बर्तन में पानी भरकर रखें, ताकि कमरे में मॉइश्चराइजर की कमी ना हो। सप्ताह में एक बार एवोकेडो खाएं, ताकि जरूरी फैटी एसिड्स प्राप्त हो सकें। फ्लैक्स सीड ऑयल पिल्स का प्रयोग अपने नियमित खानपान में अवश्य करें।

## रोजाना एक्सरसाइज से जवां रहता है दिमाग

रोजाना एक्सरसाइज से केवल मांसपेशियों व हड्डियों को ही फायदा नहीं होता, बल्कि इससे मस्तिष्क भी जवां रहता है। जॉन हॉपकिंस युनिवर्सिटी द्वारा चूहों पर किए गए एक शोध के दौरान पाया गया कि नियमित व्यायाम से एसआईआरटी3 एंजाइम मस्तिष्क को तनाव से दूर रखता है, जिससे मस्तिष्क की कोशिकाओं को नुकसान नहीं होता।शोध के दौरान शोधकर्ताओं ने इस बात की खोज की कि व्यायाम करने से एंजाइम एसआईआरटी3 का स्तर बढ़ा रहता है, जो तनाव को रोकता है, जिससे मस्तिष्क की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त नहीं हो पातीं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑन एजिंग तथा जॉन हॉपकिंस स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकर्ताओं ने मार्क मैटसन के नेतृत्व में शोध के दौरान पाया कि जो चूहे एसआईआरटी3 का



निर्माण नहीं करते वे तनाव के प्रति अतिसंवेदनशील होते हैं, जिसके कारण मस्तिष्क कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है। जिन चूहों ने एसआइआरटी3 एंजाइम का निर्माण किया, शोधकर्ताओं ने खोज की कि रनिंग व्हील एक्सरसाइज इस एंजाइम के स्तर को बढ़ाता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक कि जीन थेरेपी की मदद से एसआईआरटी3 एंजाइम के स्तर को बढ़ाकर मस्तिष्क कोशिकाओं की क्षति को बचाया जा सकता है और इससे मस्तिष्क को जवां बनाए रखने में मदद मिलेगी। यह निष्कर्ष पत्रिका झ%सेल मेटाबॉलिज्मझ्र में प्रकाशित हुआ है।

## त्वचा रोगों में घबरायें नहीं इलाज करायें

त्वचा रोग रक्त की खराबी, अधिक पसीना आने से होते हैं इस प्रकर के रोग के शिकार व्यक्ति को सामाजिक रुप से भी उपेक्षा का शिकार होना पड़ता है, इसलिए त्वचा रोग होने पर लोग डर जाते हैं। पर परंतु इतना परेशान होने की कोई जरूरत नहीं है। इन रोगों का इलाज ज्यादातर साफ सफाई रखने के साथ ही नीम के जरिये हो सकता है। नीम का इस्तेमाल इस प्रकार के रोगों में रामबाण साबित होता है। वहीं सावधानी न रखने से यह रोग शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैल जाता है। वहीं अगर रोगी के द्वारा इस्तेमाल की गई चीजें अगर दूसरे लेप बनाऐं और दाद पर लगायें पुराना दाद भी ठीक हो जायेगा। दाद पर जायफल, गंधक, सुहागा को नींबू के रस में रगड़कर लगाने से लाभ होगा। दाद व खाज के रोगी, उबले नींबू का रस, शहद, अजवाइन के साथ रोज सुबह शाम पियें। दाद खाज में आराम होगा। नींबू के रस में इमली का बीज पीसकर लगाने से दाद मिटता है। पिसा सुहागा नींबू का रस मिलाकर लेप बनाऐं तथा दाद को खुजला कर उस पर लेप करें। दिन में चार बार दाद को खुजलाकर उस पर नींबू रगड़ें। सूखें सिंघाड़े को नींबू के रस घिसें इसे दाद पर लगायें पहले तो थोड़ी



लोग इस्तेमाल करते हैं, तो उन्हें भी यह रोग लग सकता है। ये रोग कई प्रकार के होते हैं। एक्जिमा, दाद, खुजली आदि। रोग अधिकतर बरसात में होते हैं और बिगड़ जाने पर जल्दी ठीक नहीं होते। इस प्रकार करें इलाजः इलाज - फिटकरी के पानी से प्रभावित स्थान को धोकर साफ करें। उसपर कपूर सरसों का तेल लगाते रहें। आंवले की गुली जलाकर राख कर लें उसमें फिटकरी, नारियल का तेल मिलाकर इसका पेस्ट उस स्थान पर लगाते रहें। एक विकार दूर करने के लिये खट्टी चीजें, चीबी, मिर्च, मसाले से दूर रहें। जब तक उपलब्ध हो गाजर का रस पियें दाद में। विटामिन ए की कमी से त्वचा शुष्क होती है। ये शुष्कता सर्दियों में अधिक बढ़ जाती है। इस कारण सर्दियों में गाजर का रस पियें ये विटामिन ए का भरपूर स्त्रोत है। चुकंदर के पत्तों का रस, नींबू का रस मिलाकर लगायें दाद ठीक होगा। गाजर व खीरे का रस बराबर-बराबर लेकर चर्म रोग पर दिन में चार बार लगायें। चर्म रोग कैसा भी हो उस स्थान को नींबू पानी से धोते रहें लाभ होगा। रोज सुबह नींबू पानी पियें लाभ होगा। नींबू में फिटकरी भरकर पीड़ित स्थान पर रगड़े लाभ होगा। चंदन का बूरा, नींबू का रस बराबर मात्रा में मिलाकर पेष्ट बनाऐं व दाद, खुजली पर लगायें। दाद होने पर नीला थोथा, फिटकरी दोनों को आग में भूनकर पीस लें फिर नींबू निचोड़कर जलन होगी फिर ठंडक पड़ जायेगी इससे दाद ठीक होगा। तुलसी के पत्तों को नींबू के साथ पीसें यानी चटनी जैसा बना लें इसे 15 दिन तक लगातार लगायें। दाद ठीक होगा। प्याज का बीज नींबू के रस के साथ पीस लें फिर रोज दाद पर करीब दो माह तक लगायें दाद ठीक होगा। नहाते समय उस स्थान पर साबुन न लगायें। पानी में नींबू का रस डालकर नहायें। दाद फैलने का डर नहीं रहेगा। पत्ता गोभी, चने के आटे का सेवन करें। नीम का लेप लगायें। नीम का शर्बत पियें थोड़ी मात्रा में। प्याज पानी में उबालकर प्रभावित स्थान पर लगायें। कैसा भी रोग होगा ठीक हो जायेगा। लंबे समय तक लगाये। प्याज के बीज को पीसकर गोमूत्र में मिलाकर दाद वाले हिस्से पर लगायें। प्याज भी खायें। बड़ी हरड़ को सिरके में घिसकर लगाने से दाद ठीक होगा। ठीक होने तक लगायें। चर्म रोग कोई भी हो, शहद, सिरका मिलाकर चर्म रोग पर लगाये मलहम की तरह। कुष्ठ रोग में भी शहद खायें, शहद लगायें। तुलसी का तेल बनाएं चर्म रोग के लियेङ्क जड़ सहित तुलसी का हरा भरा पौधा लेकर धो लें, इसे पीसकर इसका रस निकालें। तेल डालकर हल्की आंच पर पकाएं, जब तेल रह जाए तो छानकर शीशी में भर कर रख दें। तेल बन गया। इसे सफेद दाग पर लगाएं। इन सब इलाज के लिए धैर्य की जरूरत है। कारण ठीक होने में समय लगता है।



# वेस्टर्न एंड साउदर्न ओपन में हार के साथ ही बाहर हुईं सेरेना

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की महिला टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स यहां जारी वेस्टर्न ऐंड साउदर्न ओपन में हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। सेरेना को हराकर मारिया सकारी ने अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर किया है, वहीं मारिया क्वॉर्टर फाइनल में पहुंच गयी है। मारिया ने दो घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में सेरेना को 5-7, 7-6(5), 6-1 से पराजित किया। इससे पहले मारिया ने अमेरिका की ही युवा खिलाड़ी कोको गॉफ को हराया था। मारिया ने जीत के बाद कहा, %मुझे अब भी इसका भरोसा नहीं हो रहा है। यह एक सुखद अहसास है क्योंकि सेरेना हमारे जैसे युवा खिलाड़ियों के लिए एक रोल मॉडल हैं और उन्होंने अब तक जो कुछ भी हासिल किया है वह बहुत बड़ा है।% अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए सकारी का मुकाबला ब्रिटेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जोहाना कोंटा से होगा।

## यूएफा नेशन्स फुटबॉल के लिए मैग्वायर इंग्लैंड की टीम में शामिल

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाईटेड के डिफेंडर हैरी मैग्वायर को यूनान में गिरफ्तार होने के बाद भी यूएफा नेशन्स फुटबॉल लीग मैचों के लिए इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है।



मैग्वायर को छुट्टियां मनाने के दौरान यूनान के माइकोनोस द्वीप पर हुए एक झगड़े के कारण हिरासत में ले लिया गया था हालांकि उन्हें स्वदेश वापस लौटने की अनुमति मिल गयी है। मैग्वायर को पांच सितंबर को आइसलैंड के खिलाफ और आठ सितंबर को डेनमार्क के खिलाफ होने वाले मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। इस खिलाड़ी ने अब तक इंग्लैंड की ओर से 26 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। कोरोना वायरस के कारण यूरोपीय चैंपियनशिप को अगले साल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# एंडरसन 600 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बने



**साउथम्पटन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले विश्व के चौथे गेंदबाज बन गये हैं। वहीं अगर तेज गेंदबाजों की बात की जाये तो यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले गेंदबाज हैं, अब तक केवल तीन गेंदबाजों ने ही 600 से ज्यादा विकेट लिए हैं और ये तीनों ही स्पिनर हैं। एंडरसन ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के पांचवें और अंतिम दिन दो विकेट लेते ही 600 विकेटों का आंकड़ा हासिल किया। एंडरसन ने अपने 156वें मैच में यह अहम उपलब्धि हासिल की है। एंडरसन से पहले भारत के अनिल कुंबले ने (619), ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न ने (708) और श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन ने सबसे ज्यादा (800) लिए थे। एंडरसन ने मई 2003 में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। एंडरसन ने घरेलू मैदानों में 384 विकेट, व 61 विदेशी धरती पर 194 विकेट लेने के साथ ही तटस्थ स्थलों पर 22 विकेट लिए हैं।

## बार्सिलोना क्लब छोड़ सकते हैं मेसी

**बार्सिलोना।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी दो दशक तक साथ रहने के बाद अब स्पेनिश क्लब बार्सिलोना छोड़ना चाहते हैं। माना जा रहा है कि इस सत्र में क्लब के लिए कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाने की वजह से वह निराश हैं। अब अब यह कहा जाता रहा है कि मेसी इस क्लब के साथ हमेशा जुड़े रहेंगे पर अब यह सही नहीं लगता। उन्होंने क्लब के अधिकारियों को एक पत्र भेजकर बार्सिलोना छोड़ने की इच्छा व्यक्त की है हालांकि, क्लब ने संकेत दिए कि यह मामला अदालत तक पहुंच सकता है और उन्हें अपनी मर्जी से क्लब छोड़ने की अनुमति नहीं मिलेगी। बार्सिलोना ने मेसी को स्पष्ट कर दिया है कि वह उन्हें क्लब में अपने साथ जोड़े रखना चाहता है और उसकी इच्छा है कि वह क्लब में रहते हुए ही अपने कॅरियर का अंत करें। मुख्य मामला मेसी के अनुबंध से जुड़ा एक अन्य करार है। इसमें कहा गया है कि वह बिना किसी बाधा के जब भी चाहें क्लब से अलग हो सकते हैं। वहीं क्लब के अनुसार करार की समयसीमा जून में समाप्त हो गई थी और इसके लिए कानूनी सलाह लेनी होगी।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिग में क्राउली और एंडरसन ने लगायी लंबी छलांग



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा एकदिवसीय बल्लेबाजी क्रिकेट रैंकिंग में इंग्लैंड के जैक क्राउली और मैच में सात विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने टेस्ट रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। पाकिस्तान के खिलाफ साउथम्पटन में ड्रॉ हुए तीसरे और अंतिम टेस्ट में 267 रन की पारी खेलने वाले क्राउली 53 स्थान की छलांग के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ 28वें पायदान पर पहुंच गए हैं। क्राउली ने श्रृंखला की शुरुआत 95वें स्थान से की थी लेकिन श्रृंखला में 320 रन की बनाने के साथ ही वह इंग्लैंड के चौथे शीर्ष बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं एंडरसन एक बार फिर छह स्थान के लाभ के साथ ही आठवें स्थान पर आने के साथ ही शीर्ष दस में पहुंच गये हैं। उन्होंने ड्रॉ टेस्ट के दौरान 29वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। तीसरे टेस्ट में 152 रन बनाने वाले बटलर भी अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 637 रेटिंग अंक के साथ 21वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट नहीं खेलने वाले बेन स्टोक्स आलराउंडरों की सूची में दूसरे स्थान पर फिसल गए हैं। वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर शीर्ष पर हैं। पाकिस्तान के कप्तान अजहर पहली पारी में 141 रन बनाकर 11 स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान अर्धशतक की बदौलत तीन स्थान के फायदे से 72वें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के स्पिनर फवाद आलम और असद शाफिक गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 100 में शामिल हो गए हैं। ये दोनों 94वें और 100वें स्थान पर हैं। वहीं भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली और उप कप्तान रोहित शर्मा पहले दो स्थानों पर बने हुए हैं। टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ शीर्ष पर हैं, विराट दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के ही उभरते हुए बल्लेबाज मार्नर लाबुशेन तीसरे नंबर पर हैं। टी20 में पाकिस्तान के बाबर आजम पहले जबकि भारत के लोकेश राहुल दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच को तीसरा स्थान मिला है। वहीं एकदिवसीय गेंदबाजों में भारत के जसप्रीत बुमराह दूसरे जबकि टेस्ट में आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस पहले स्थान पर बने हुए हैं।

# फीफा ने कुछ क्लबों को दी राहत



**ज्यूरिख।** विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) ने यूरोपीय देशों के कुछ क्लबों को राष्ट्रीय टीम के मैचों के दौरान खिलाड़ियों को अपने साथ बनाए रखने की अनुमति दे दी है हालांकि कारोना महामारी के कारण कई देशों में अभी यात्रा पर प्रतिबंध जारी हैं। फीफा ने कहा कि वह यह राहत इसलिए दे रही है जिससे 31 अगस्त से शुरू होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैचों की तैयारी के लिए क्लबों को अपने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीमों को सौंपने में बाधा न आये। यह राहत ऐसे क्लबों को मिलेगी जिनके खिलाड़ी यात्रा प्रतिबंध वाले देश से है या जहां यात्रा के बाद कम से कम पांच दिनों तक पृथकवास में रहने का नियम है। वहीं यूरोप की राष्ट्रीय टीमों को नेशन्स लीग 2020-21 का क्वॉलिफाइ मुकाबला खेलना है इसके मैच तीन से आठ सितंबर तक खेले जाएंगे।

## श्रीलंकाई क्रिकेटर परानाविताना ने खेल को अलविदा कहा

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज थरंगा परानाविताना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया है।



परानाविताना ने अपने करियर के दौरान 32 टेस्ट मैच में 32.58 के औसत से 1792 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक भी शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 222 मुकाबलों में 14940 रन बनाए हैं। प्रथम श्रेणी में उन्होंने 40 शतक लगाये हैं। परानाविताना साल 2009 में पाकिस्तान दौरे के लिए श्रीलंकाई टीम का हिस्सा थे। इस सीरीज के दौरान श्रीलंका टीम की बस पर आतंकी हमला हुआ था जिसमें वह भी घायल हुए थे। परानाविताना ने अंतिम बार साल 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।



चीन के हबेई प्रांत में पुरुषों के वॉलीबाल लीग मुकाबले में खेलते हुए खिलाड़ी।

# कम हो सकती है दुपहिया वाहन की कीमत

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है ?कि दुपहिया वाहन न तो विलासिता का और न ही यह अहितकर सामान की श्रेणी में आता है इसलिए इस पर माल एवं सेवाकर (जीएसटी) दर में संशोधन का मामला बनता है।



भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के साथ हुई बैठक में सीतारमण ने कहा कि दुपहिया वाहन पर जीएसटी दर में संशोधन के मामले पर जीएसटी परिषद की बैठक में गौर किया जाएगा। सीआईआई की ओर जारी वक्तव्य में यह जानकारी दी गई है। वित्त मंत्रालय के प्रवक्ता की ओर से भी बाद में इसे जारी किया गया। दुपहिया वाहनों पर वर्तमान में 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। दुपहिया वाहनों पर जीएसटी दर को कम करने के सवाल पर सीतारमण ने आश्वासन दिया कि यह सही मायनों में अच्छा सुझाव है क्योंकि वाहन की यह श्रेणी न तो भोग विलासिता के श्रेणी में आती है और न ही यह अहितकर वस्तु की श्रेणी में आता है। इसलिए इसमें दर में संशोधन का मामला बनता है। वक्तव्य में सीतारमण के हवाले से कहा गया है। इस मुद्दे को जीएसटी परिषद के समक्ष रखा जाएगा।

## ऐप्पल ने भारत में शुरू की किफायती आईफोन की असेंब्लिंग

**नई दिल्ली।** अमेरिका की प्रतिष्ठित मोबाइल कंपनी ऐप्पल ने अपने भारतीय प्रशंसकों को अपने सस्ते और सेकंड जेनरेशन आईफोन एसई (2020) की असेंब्लिंग भारत में शुरू कर दी है। कंपनी ने बताया कि यह बहुत जल्द ही ऑथराइज्ड रिटेल स्टोर और ऑनलाइन चैनल पर बिक्री के लिए उपलब्ध हो जाएगा। कंपनी ने इस फोन को मिड-रेंज ऐंड्रॉयड यूजर्स को ध्यान में रखते हुए भारत में लॉन्च किया है। आईफोन 8 की तरह दिखने वाले इस फोन में आईफोन 11 वाले फीचर्स का एक्सपीरियंस मिलेगा। कंपनी ने भारत में आईफोन एसई 2020 की कीमत 42,500 रुपये रखी है। नए आईफोन एसई को ऐपल सप्लायर विस्ट्रॉन अपने बेंगलुरू फैसिलिटी में मैन्युफैक्चर कर रहा है।

# ट्राई ने वोडाफोन आइडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्रधिकरण (ट्राई) ने निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया को उसके 'तरजीही प्लान' पर कारण बताओ नोटिस जारी की है। ट्राई ने कहा कि पेशकश में पारदर्शिता का अभाव है, ये गुमराह करने वाली है और नियामक सिद्धान्तों के अनुरूप नही है। नोटिस में नियामक ने वोडाफोन आइडिया से 31 अगस्त तक जवाब देने के लिए कहा है कि रेडएक्स टैरिफ प्लान के मौजूदा नियामक ढांचे का उल्लंघन करने के लिए उसके खिलाफ उचित कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए। जानकारी के मुता ?बिक भारती एयरटेल को कारण बताओ नोटिस जारी नहीं ?किया गया है। एयरटेल ने ट्राई के आदेश का पालन करने की बात कही है और स्वेच्छा से अपनी प्लैटिनम पेशकश को भी संशोधित किया। इसलिए ट्राई उस पर जांच को आगे नहीं




बढ़ा रहा है। ट्राई ने वीआईएल को भेजे कारण बताओ नोटिस में कहा है कि अपेक्षाकृत अधिक डेटा स्पीड के साथ तरजीही 4जी नेटवर्क की पेशकश करना मौजूदा नियामक ढांचे के अनुरूप नहीं है। ट्राई ने कारण बताओ नोटिस में कहा है कि रेडएक्स टैरिफ पेशकश में पारदर्शिता की कमी है और ये भ्रामक है। सूत्र ने कहा कि वोडाफोन आइडिया कई मुद्दों पर ट्राई को संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया है। इनमें एक मुद्दा यह है कि कंपनी कैसे प्रीमियम प्लान लेने वाले ग्राहकों को प्राथमिकता वाली सेवा और स्पीड सुनिश्चित करेगी। दूसरा मुद्दा यह है कि कैसे प्रायरिटी प्लान गैर-प्रीमियम ग्राहकों की सेवाओं पर प्रतिकूल असर नहीं डालेगा। इससे पहले वोडाफोन आइडिया ने अपने जवाब में कहा था कि नया टैरिफ प्लान, नई सेवा नहीं है। ट्राई वोडाफोन आइडिया के प्रायरिटी प्लान रेडएक्स तथा भारती एयरटेल के प्लैटिनम प्लान की जांच कर रहा है। नियामक यह पता लगा रहा है कि प्रायरिटी प्लान के जरिये कुछ ग्राहकों को नेटवर्क में प्राथमिकता देने से कही बिना प्रीमियम सेवा वाले ग्राहकों की सेवाएं तो प्रभावित नहीं हो रही हैं। और क्या इनके तहत नियमों का किसी तरह का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है।

विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखने पर दिया विशेष जोर

# ग्वालियर शहर में शामिल ग्रामीण वार्डों में भी अमृत योजना के तहत कार्य कराएँ : राज्य मंत्री कुशवाह

**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि ग्वालियर शहर में शामिल हुए ग्रामीण क्षेत्र के सभी 6 वार्डों (वार्ड-61 से 66) में पेयजल, सीवर व कचरा प्रबंधन इत्यादि काम प्रमुखता से कराए जाएं। उन्होंने कहा शहर में शामिल हुए जिन गाँवों में संभव हो वहाँ अमृत योजना के तहत तथा शेष गाँवों में मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के तहत पेयजल संबंधी काम कराएँ। श्री कुशवाह ग्वालियर शहर में शामिल हुए गाँवों, छावनी क्षेत्र तथा मुरार ग्रामीण व घाटीगाँव क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो। बैठक में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह व नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बुधवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित हुई बैठक में राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने नगर निगम आयुक्त से कहा कि शहर में शामिल हुए गाँवों को भी अमृत योजना से जोड़ने के लिए प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही जो गाँव पहले से ही अमृत योजना के दायरे मे आते हैं उनमें पेयजल, सीवर व स्वच्छता से संबंधित अन्य काम प्राथमिकता के आधार पर कराएँ। उन्होंने कहा शहर की अन्य बस्तियों की तरह शहरी क्षेत्र में शामिल



गाँवों में भी कचरा संग्रहण के लिये नियमित रूप से वाहन पहुँचें। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत निर्माणाधीन वीरपुर रोड़ पर पोल शिफ्टिंग में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि यह काम जल्द से जल्द पूर्ण कराएँ। श्री कुशवाह ने शहरी क्षेत्र के गाँवों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी पात्र परिवारों को लाभान्वित कराने पर भी जोर दिया। साथ ही कहा कि प्रदेश सरकार संबल योजना के तहत सभी जरूरतमंदों को सहायता पहुँचाने के लिए कटिबद्ध है। इसलिए इस योजना के सभी पात्र परिवारों को सहायता मिलने में देरी न हो। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के सभी 6 वार्डों के सभी पात्र परिवारों को खाद्यान्न पर्ची मुहैया कराने एवं उन्हें उचित मूल्य की दुकान से राशन दिलाने के लिए भी कहा। छावनी क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओ के लिए मंजूर हुई धनराशि खर्च न होने पर राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राशि के सदुपयोग के लिए दूसरी एजेन्सी से छावनी क्षेत्र में काम कराए जाएँ, जिससे यहाँ के निवासियों को अच्छी बुनियादी सुविधाएँ मिल सकें। श्री कुशवाह ने विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले विकासखण्ड घाटीगाँव के गाँवों एवं विकासखण्ड मुरार में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी बैठक में की। साथ ही निर्देश दिए कि जो कार्य पूरे हो चुके हैं उनका लोकार्पण कराएँ जिससे इन कामों का उपयोग जनहित में हो सके। उन्होंने कहा नए कार्यों का भूमिपूजन कराकर उन्हें जल्द से जल्द शुरू कराएँ। श्री कुशवाह ने मुरार व घाटीगाँव क्षेत्र में निर्माणाधीन पीडब्ल्यूडी की सड़कों सहित अन्य विकास कार्यों की भी बैठक में समीक्षा की। साथ ही कार्यों को तेजी के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को हिदायत दी कि बैठक में दिए गए निर्देशों का समय-सीमा में पालन सुनिश्चित करें। बैठक में नगर निगम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, छावनी बोर्ड, लोक निर्माण, जल संसाधन, कृषि, सहकारिता तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### तीसरी लाइन में बाधा बन रही बानमोर की स्लीपर फैक्ट्री, शनिचरा में शिफ्ट होगी

**ग्वालियर।** धौलपुर से झांसी तक बिछाई जा रही तीसरी लाईन के चलते बानमोर स्टेशन स्थित स्लीपर फैक्ट्री को रेलवे बन्द करने जा रहा है। इस फैक्ट्री को रेलवे ने शनिचरा स्थित रेलवे स्टेशन के नजदीक शिफ्ट करने का निणर्य लिया है। शनिचरा में नई फैक्ट्री ने आकार लेना शुरू कर दिया है। रेलवे अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बानमोर रेलवे स्टेशन के मेनलाईन के पास स्थिल स्लीपर फैक्ट्री में वर्षो से रेलवे ट्रैक पर बिछाए जाने वाले स्लीपर तैयार किए जा रहे हैं। लेकिन जिस जमीन पर यह फैक्ट्री वर्तमान में संचालित हो रही है, उस जमीन पर तीसरी लाईन बिछाई जाना प्रस्तावित है। तीसरी लाईन जल्द से जल्द से आकार ले सके इसके लिए रेलवे ने स्लीपर फैक्ट्री को शनिचरा स्टेशन पर फैक्ट्री को शिफ्ट करने का निर्णय लिया है।

### इलाज के दौरान कैदी की मौत

**ग्वालियर।** केंद्रीय जेल में सजा काट रहे एक बीमार कैदी की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार जनक गंज क्षेत्र में रहने वाला नरेश तोमर किसी मामले में केंद्रीय जेल में 10 साल की सजा काट रहा था पिछले दिनों उसकी तबीयत खराब हुई तो उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान कल उसकी मौत हो गई बहोड़ापुर थाना पुलिस ने मृतक का शव पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है!

### नाबालिक 2 बच्चे लापता

**ग्वालियर।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थित पटेल नगर से एक नाबालिग लड़की और जनक गंज थाना क्षेत्र के गोल पहाड़िया क्षेत्र से एक किशोर लापता हो गया पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के पटेल नगर में रहने वाली भूरी किरार की नाबालिग बेटी को कोई बहला-फुसलाकर ले गया पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है! वही जनक गंज थाना क्षेत्र के गोल पहाड़िया श्री राम कॉलोनी निवासी प्रेम सिंह रावत का छोटा भाई शेर सिंह रावत अचानक गायब हो गया पुलिस ने मामला दर्ज कर लापता की तलाश शुरू कर दी है!


### नाबालिक 2 बच्चे लापता

**ग्वालियर।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थित पटेल नगर से एक नाबालिग लड़की और जनक गंज थाना क्षेत्र के गोल पहाड़िया क्षेत्र से एक किशोर लापता हो गया पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है! जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के पटेल नगर में रहने वाली भूरी किरार की नाबालिग बेटी को कोई बहला-फुसलाकर ले गया पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है! वही जनक गंज थाना क्षेत्र के गोल पहाड़िया श्री राम कॉलोनी निवासी प्रेम सिंह रावत का छोटा भाई शेर सिंह रावत अचानक गायब हो गया पुलिस ने मामला दर्ज कर लापता की तलाश शुरू कर दी है!


## दुर्घटना में दो बच्चो के निधन पर राज्य मंत्री कुशवाह शोक संवेदना व्यक्त करने बड़ेरा पहुँचे



**ग्वालियर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा नर्मदा घाटी विकास राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने आज बड़ेरा गांव के बालक प्रदीप और महेंद्र के सड़क दुर्घटना में निधन होने पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने बड़ेरा गांव पहुंचकर मृतकों के परिजनों से भेंट की और शोक संवेदना व्यक्त की। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने मंत्री स्वेच्छा अनुदान से 20 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। उन्होंने दुर्घटना में मृत महेन्द्र के पिता श्री भगवान दास से कहा कि संबल योजना में प्रकरण को स्वीकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए है। योजना के तहत 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**ग्वालियर।** एक युवक ने पहले अपने पड़ोस में रहने वाली एक युवती को प्रेम जाल में फंसाया उसके बाद शादी का झांसा देकर 6 साल तक उसका दैहिक शोषण करता रहा युवती ने जब शादी करने को कहा तो युवक मुकर गया इसके बाद युवती ने थाने आकर युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है! जानकारी के अनुसार हजीरा थाना क्षेत्र के न्यू रेशम मिल क्षेत्र में रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई कि उसके पड़ोस में रहने वाले दीपक वर्मा ने पहले उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया और 1 दिन उसके साथ दुष्कर्म किया उसके बाद शादी का झांसा देकर 6 साल तक उसका दैहिक शोषण करता रहा युवती ने जब शादी करने को कहा तो युवक शादी करने से मुकर गया!

## तीन कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत

**ग्वालियर।** जिले में कोरोना संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है पिछले 12 घंटे में अस्पताल में कोरोना पॉजिटिव 3 मरीजों की मौत हो चुकी है! इन मरीजों की मौत के बाद अब जिले में कोरोना से मरने वालों की संख्या 60 के पार हो गई है! जानकारी के अनुसार राम गोपाल श्रीवास्तव 83 साल को पिछले दिनों कोरोना पॉजिटिव पाए जाने पर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था! बीती रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई वहीं ग्वालियर निवासी कोरोना पॉजिटिव सी बी कश्यप 63 वर्ष की भी आज सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई इसके अलावा 70 साल के अमरलाल भी कोरोना पॉजिटिव थे और उपचार के दौरान उन्हें भी दम तोड़ दिया! जिले में पाए जाने वाले कोरोना पॉजिटिव मरीजों में अब लक्षण भी अलग तरह के आ रहे हैं जिसके चलते चिकित्सकों को भी उनका रोग समझने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है!

कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने सस्ते राशन के लिए पात्रता पर्ची उपलब्ध कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की

## पात्र हितग्राहियों की पात्रता पर्ची के लिए कर्मचारी करें मिशन मोड में कार्य - कलेक्टर

**ग्वालियर।** पात्रता पर्ची से वंचित नगर निगम सीमा में निवासरत ऐसे सभी नागरिक जिन्हें पात्रता पर्ची की पात्रता है और राशन प्राप्त नहीं हो रहा है उनके आधार कार्ड का सत्यापन का कार्य आगामी दो दिवस में मिशन मोड पर किया जावेगा। उक्त आशय के निर्देश कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह तथा नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन ने आज नगर निगम के विभिन्न क्षेत्र अधिकारियों तथा कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण के दौरान दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता, अपर आयुक्त नगर निगम श्री आर के श्रीवास्तव, उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव,



फूड ऑफीसर श्री जादौन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बाल भवन के ऑडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शहर में विभिन्न योजनाओं में पात्र परिवारों के नागरिक पात्रता पर्ची के अभाव में उचित मूल्य की दुकान से सस्ता राशन की उपलब्धता में परेशानी आ रही है। ऐसे नागरिकों के राशन कार्ड का पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य रूप से 3 दिवस के अंदर पूर्ण किया जाना है। इसके लिए सभी जनमित्र केंद्रों, क्षेत्रीय कार्यालयों पर पात्रता पर्ची के पात्र हितग्राही अपने संपूर्ण परिवार का आधार कार्ड पंजीयन कराएं। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों का आधार कार्ड पंजीयन नहीं होगा तो उन्हें पात्रता पर्ची जारी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि आगामी सितंबर माह से प्रत्येक नागरिक जिसे पात्रता पर्ची प्राप्त होगी। कंट्रोल की दुकान से सस्ती दरों पर राशन प्राप्त होगा। नगर निगम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राही, श्रम कल्याण के हितग्राही, जनकल्याण की विभिन्न योजनाओं के हितग्राही सस्ते राशन के लिए पात्र हैं किंतु उनके परिवार के सभी सदस्यों का आधार पंजीयन ना होने से उन्हें राशन प्राप्त नहीं हो रहा है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी कंप्यूटर ऑपरेटर अगले 2 दिन में उनके क्षेत्र में आने वाले सभी पात्र परिवारों के राशन कार्ड का राशन मित्र एप में प्रविष्टि पूर्ण कर पात्र परिवारों को सस्ता राशन दिलाने की कार्यवाही पूर्ण करावें।


शिवप्रताप सिंह गौर
जन्मदिन की शुभकामनाएं
हैप्पी बर्थडे
27 अगस्त



दैनिक पुष्पांजली टुडे परिवार की ओर से जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।
*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*
पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207
नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

Pro- Bipin Singh Tomar
9301759475 9713253992
Mail-Vipintomar172@gmail.com
Somya Advertise & Marketing Service
Boost Your Business In Lockdow
Promote Your Business & Generate Leads
Bulk Sms & Voice call Marketing
Bulk Whatsapp Sender
Digital Marketing
Door To Door Marketing
Flex And Pritning & Printing Media
E. media, FM Redio
Add- Radha Krishna Plaza Near By Police Choki Sabji Mandi Pinto Park Gwalior (M.P.)



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478